शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 133 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 08 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# राष्ट्रपति ने मोदी को दिया नई सरकार बनाने का न्योता

## 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे, राष्ट्रपति द्रौपदी से मिले पीएम मोदी

## सरकार चलाने के लिए बहुमत आवश्यक और देश चलाने के लिए सर्वमत: पीएम मोदी


**नई दिल्ली**
नरेंद्र मोदी को शुक्रवार 7 जून को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की संसदीय दल का लगातार तीसरी बार नेता चुना गया। पुराने संसद (संविधान सदन) के सेंट्रल हॉल में सुबह 11 बजे शुरू हुई मीटिंग में एनडीए के 13 दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में एनडीए के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम मौजूद थे। इसके बाद एनडीए ने दोपहर 3 बजे सरकार बनाने का दावा पेश किया। गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का पत्र सौंपा। बैठक के बाद मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर मिले। इसके बाद पीएम शाम को 6 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। इसके बाद मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा रहेगी।

**राजनाथ ने प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा**
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत भाषण दिया। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। अमित शाह ने इसका समर्थन किया और नितिन गडकरी ने अनुमोदन किया। जेडीएस अध्यक्ष कुमारस्वामी ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके बाद टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने समर्थन का ऐलान किया। मोदी 9 जून को शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेंगे। मंत्रिपरिषद के सदस्य भी शपथ लेंगे। कितने मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई।

**भाजपा को बहुमत नहीं, 14 सहयोगी दलों के 53 सांसदों का समर्थन**
लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, एनडीए ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जदयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।

**बीजेपी ने जेडीयू को 3 मंत्री पद का ऑफर दिया**
सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी ने गठबंधन दलों को मंत्रालय का प्रस्ताव दिया है। जेडीएस को एक, आरएलडी एक, अपना दल एक, जेडीयू 3, एनसीपी एक और शिवसेना (शिंदे) को एक मंत्री पद का ऑफर दिया है। मोदी 3.0 के नए मंत्रिमंडल के गठन को लेकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह एनडीए के घटक दलों के साथ वन टू वन मीटिंग हुई। इस बैठक में मंत्रिमंडल में सीटों के बंटवारे और पोर्टफोलियो पर घटक दलों की डिमांड सुनी गई, जिसके आधार पर नई मंत्रिमंडल का स्वरूप तैयार होगा। अब तक आरएलडी नेता जयंत चौधरी, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, अजित पवार और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने बैठक की।

**18वीं लोकसभा नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली होगी**
नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कहा, '18वीं लोकसभा बनने जा रही है। 18 का बहुत महत्व है। 18वीं लोकसभा युवा और नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा होगी। ये वो 25 साल हैं जो अमृतकाल के 25 साल हैं। हम उन सपनों को पूरा करने जा रहे हैं। 18वीं लोकसभा इन सबका पड़ाव है।



प्रधानमंत्री मोदी ने पुराने संसद भवन में रखे गए संविधान को नमन किया।





नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके उपरांत राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को दही चीनी खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

## सर्वमत का सम्मान कर देश को आगे ले जाने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: पीएम मोदी

**पीएम** ने कहा कि इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए। एनडीए को आज देश के 22 राज्यों में लोगों ने सरकार बनवाकर सेवा का मौका दिया है। हमारा गठबंधन सच्चे अर्थ में भारत की असली आत्मा, भारत की जड़ों में जो रचा-बसा है, उसका प्रतिबिंब है। हमारे देश में 10 ऐसे राज्य हैं, जहां आदिवासी बंधुओं की संख्या प्रभावी रूप से है, निर्णायक रूप से है। जहां आदिवासियों की आबादी ज्यादा है, ऐसे 10 राज्यों में से सात में एनडीए सेवा कर रहा है। हम सर्वधर्म समभाव वाले संविधान को समर्पित हैं। गोवा हो, पूर्वोत्तर हो, जहां बहुत बड़ी मात्रा में ईसाई भाई-बहन रहते हैं, उन राज्यों में भी एनडीए के रूप में हमें सेवा का अवसर मिला है।" पीएम मोदी ने कहा, "हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास में और गठबंधन की राजनीति के इतिहास में चुनाव पूर्व गठबंधन इतना कभी मजबूत नहीं हुआ, जितना एनडीए हुआ है। यह गठबंधन की जीत है। हमने बहुमत हासिल किया है। मैं कई बार कह चुका हूं। सरकार चलाने के लिए बहुमत आवश्यक है, लोकतंत्र का वही एक सिद्धांत है। देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी होता है। मैं आज देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपने जिस तरह बहुमत देकर सरकार चलाने का सौभाग्य दिया है, हम सभी का दायित्व है कि सर्वमत का सम्मान कर देश को आगे ले जाने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एनडीए को करीब-करीब तीन दशक हो चुके हैं।

## अटलजी, बादल, ठाकरे, फर्नांडीज को याद किया

**पीएम ने कहा**, "जो राजनीति के विशेषज्ञ हैं, अगर वे मुक्त मन से वे सोचेंगे तो पाएंगे कि एनडीए सत्ता प्राप्त करने या सरकार चलाने का कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है। यह राष्ट्र प्रथम की मूल भावना से प्रतिबद्ध समूह है। तीस साल का लंबा कालखंड रहा है। यह भारत की राजनीतिक व्यवस्था में ऑर्गेनिक अलायंस है। श्रद्धेय अटलजी, प्रकाश सिंह बादल, बाला साहेब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव जैसे अनगिनत नामों ने जिस बीज को बोया था, जनता के विश्वास से सींचकर यह वटवृक्ष हो गया है। हम सबके पास ऐसे महान नेताओं की विरासत है। बीते 10 वर्ष में हमने एनडीए की उसी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। एनडीए के लोगों में एक साझा चीज नजर आती है। वह है- गुड गवर्नेंस। सभी को जब-जब मौका उन्होंने गुड गवर्नेंस दिया है। एनडीए कहते ही गुड गवर्नेंस पर्यायवाची बन जाता है। हम सभी के कार्यकाल में, चाहे मैं गुजरात में रहा हूं, या चंद्रबाबू आंध्र में रहें हों या नीतीश जी ने बिहार की सेवा की हो, हम सभी के केंद्र में गरीब का कल्याण रहा है। देश ने एनडीए के गरीब कल्याण के, सुशासन के 10 साल को न सिर्फ देखा है, बल्कि जिया है।

## लैंड फॉर जॉब: चार्जशीट दाखिल नहीं करने पर ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर तलब

**नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल नहीं करने पर ईडी को फटकार लगाते हुए उसके ज्वाइंट डायरेक्टर को तलब किया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर को केस के सभी रिकॉर्ड के साथ 6 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने पूरक चार्जशीट दाखिल करने के लिए और समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि 31 मई को ईडी को निर्देश दिया गया था कि वे 7 जून तक पूरक चार्जशीट दाखिल करें, लेकिन उसके बावजूद पूरक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई। तब ईडी की ओर से कहा गया कि अभी इस मामले में जांच चल रही है। उसके बाद कोर्ट ने ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर को केस के सभी रिकॉर्ड और जांच की स्टेटस रिपोर्ट के साथ कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। आज ही सीबीआई ने इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया है। इन 78 आरोपितों में से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी हैं। सात मार्च को कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 27 जनवरी को ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। नौ जनवरी को ईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने इस मामले में अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर, 2023 को बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर, 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई, 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी, 2023 को इन तीनों आरोपितों समेत सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सात अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू, राबड़ी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितो के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## देश चलाने के लिए सर्वमत जरूरी: पीएम

**नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय जनतांत्रिक** गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल ने नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना। भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भाजपा के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह, नितिन गडकरी और राजग के साथी तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू, जदयू के नीतीश कुमार, शिवसेना के एकनाथ शिंदे समेत अन्य नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इस दौरान कार्यवाहक



पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि जो साथ विजय होकर आए हैं, वो सभी अभिनंदन के अधिकारी हैं। जिन लाखों कार्यकताओं ने दिन-रात परिश्रम किया है, उन लोगों ने न दिन देखा, न रात देखी। इतनी भयंकर गर्मी में हर दल के कार्यकर्ता ने जो पुरुषार्थ, परिश्रम किया है, मैं आज संविधान सदन से उन्हें सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं। साथियों मेरा बहुत सौभाग्य है कि एनडीए के नेता के रूप में आप सब साथियों ने सर्वसम्मति से चुनकर मुझे नया दायित्व दिया है। इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।

**सांसदों-सहयोगियों के लिए कहा, जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है**
उन्होंने कहा, "व्यक्तिगत जीवन में मुझे जवाबदारी का एहसास करता हूं। 2019 में जब आप सभी ने मुझे नेता के रूप में चुना था, तब मैंने एक बात पर बल दिया था- विश्वास। आज जब आप मुझे फिर से एक बार ये दायित्व दे रहे हैं तो इसका मतलब है कि हमारे बीच विश्वास का सेतु बहुत मजबूत है। अटूट रिश्ता विश्वास के मजबूत धरातल पर है। ये पल भावुक करने वाला भी है। आप सबके प्रति जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है।"

**एनडीए के लिए कहा- महान लोकतंत्र की ताकत देखिए**
पीएम मोदी ने कहा, "बहुत कम लोग इन बातों की चर्चा करते हैं, उन्हें शायद सूट नहीं करता होगा।

## नीतीश-नायडू के भरोसे से बाजार को राहत




**नई दिल्ली**
**केंद्र में एनडीए स**रकार बनने के बाद पहली बार शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। शुक्रवार को सेंसेक्स 76,795 के अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और 1,618 अंक की बढ़त के साथ 76,693 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी कारोबार के दौरान करीब 500 अंकों की बढ़त देखने को मिली। निफ्टी 23,320 के स्तर पर पहुंचा। निफ्टी 468 अंक की बढ़त के साथ 23,290 के स्तर पर बंद हुआ। ये निफ्टी भी अपने उच्चतम स्तर पर बंह हुआ। शेयर बाजार में आई इस तेजी के पीछे कई अहम कारण बताए जा रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी और अहम वजह सरकार बनाने जा रहे एनडीए के नेताओं के बयान हैं। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा जीडीपी के अनुमानों को बढ़ाने का कदम भी शेयर बाजार के लिए बूस्टर साबित हुआ है। शुक्रवार को सबसे ज्यादा तेजी आईटी इंडेक्स में रही। इंडेक्स 3 फीसदी तक बढ़ गया। ज
बकि बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार मूल्य एक बार फिर पांच लाख करोड़ के डॉलर के पार पहुंच गया। दरअसल, शुक्रवार दोपहर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें 13 दलों नेता सहित एनडीए के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत भाषण दिया।

## 'राहुल गांधी का राजनीतिक शेयर बहुत निचले स्तर पर'

**चेन्नई**
**तमिलनाडु में** भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि उनका राजनीतिक शेयर बहुत निचले स्तर पर पहुंच गया है। वह लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारण सदमे में पहुंच गए हैं।

**केसवन बोले- राहुल गांधी को जनता ने खारिज कर दिया है**
भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी की लगातार निराशावादी राजनीति, झूठे प्रसार को जनता ने तीन लोकसभा चुनावों में खारिज कर दिया है। राहुल गांधी इस हार से पूरी तरह टूट गए हैं और सदमे में हैं। वह इस सच को स्वीकार ही नहीं




कर पा रहे है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने जा रहे हैं। इस घोर निराशा के कारण उनकी यह हालत हो गई है। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी के शानदार नेतृत्व में हम एक बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था से विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

राहुल गांधी ने 3 जून को शेयर मार्केट में स्कैम का दावा किया था एक जून को एग्जिट पोल के बाद 3 जून को शेयर मार्केट 600 अंकों के बड़े गैपअप के साथ खुला। थोड़ी ही देर में रिकॉर्ड हाई 23,338.70 को छू लिया। लेकिन 4 जून को जब लोकसभा चुनाव का परिणाम आया तो शेयर मार्केट औंधे मुंह गिर गया। सेंसेक्स 6 हजार अंकों की गिरावट के साथ 70374 हजार के लेवल तक आ गया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी इंडेक्स करीब 1947 अंक की भारी गिरावट के साथ फिसलकर 21,316 के लेवल पर पहुंच गया था. कोरोना काल के बाद ये बाजार की सबसे बड़ी गिरावट आ गई।


## मई में चली हीटवेव ने तोड़े सारे रिकॉर्ड: रिपोर्ट

**नई दिल्ली**
**मई में चली** हीट वेव ने गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वैज्ञानिकों के एक समूह ने जलवायु की समीक्षा के बाद बताया कि भारत में मई में चली हीट वेव अबतक की सबसे गर्म हीट वेव से भी डेढ़ डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रही। क्लाइमामीटर के समीक्षों ने बताया कि मई में भारत में जो भीषण हीटवेव चली, वह अल नीनो प्रभाव, मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर की सतह का असामान्य रूप से गर्म होने और ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के चलते हीटवेव और गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

वैज्ञानिकों ने साल 1979-2001 और साल 2001-2023 के बीच के तापमान की तुलना की। इस तुलना के आधार पर वैज्ञानिकों ने बताया कि देश में जो सबसे गर्म हीटवेव दर्ज की गई थी, मई में चली हीटवेव उससे भी डेढ़ डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रही।

# अग्निवीरों को लेकर सरकार उठा सकती है बड़ा कदम!

## जेडीयू के केसी त्यागी के बाद लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस योजना पर पुनर्विचार करने की इच्छा जताई



**नई दिल्ली**
**मोदी सरकार** 3.0 के शपथग्रहण समारोह से पहले ही एनडीए के सहयोगियों ने अग्निपथ योजना की समीक्षा करने की मांग शुरू कर दी है। जेडीयू के केसी त्यागी के बाद लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस योजना पर पुनर्विचार करने की इच्छा जताई है। वहीं अब अंदरखाने खबरें आ रही हैं कि इस योजना में बदलाव किया जा सकता है। सरकार बनने के बाद इस पर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। वहीं सेना के पूर्व अफसरों का कहना है कि इस योजना को रद्द करके, पुरानी भर्ती प्रक्रिया को लागू किया जाए। भाजपा सरकार ने इस योजना को 14 जून 2022 को लागू किया था।

**जेडीयू और लोजपा ने की समीक्षा की मांग**
गुरुवार को एनडीए सहयोगी जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने यह कह कर सनसनी मचा दी थी कि अग्निपथ योजना को लेकर पुनर्विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा था कि अग्निवीर योजना को लेकर काफी विरोध हुआ था। चुनाव में भी इसका असर देखने को मिला है। इस पर पुनर्विचार की जरूरत है। जो सुरक्षाकर्मी सेना में तैनात थे, जब अग्निवीर योजना चलाई गई, तो बड़े तबके में असंतोष था। मेरा मानना है कि उनके परिवार ने चुनाव में विरोध किया। इस योजना पर नए तरीके से विचार करने की जरूरत है। इसके बाद लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी इस योजना की समीक्षा करने की बात कही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि अगर यह योजना अपने लक्ष्य और उद्देश्य की पूर्ति में सफल है, तो आगे भी जारी रहे। ऐसा नहीं तो इस पर सरकार विचार करे। भाजपा को भी इस बात का अंदाजा है कि भविष्य में इस योजना को लेकर सहयोगी दलों में असंतोष पैदा हो सकता है। विपक्षी दल भी शुरू से ही इस योजना को लेकर हमलावर हैं। वहीं जब इस बार विपक्ष को ज्यादा सीटें मिलने से और मजबूती मिली है और इस योजना को लेकर हंगामा बढ़ सकता है। भाजपा इसे लेकर पूरी तरह से चौकस है। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकार अग्निवीर योजना में कुछ संशोधन कर सकती है। हालांकि भाजपा सरकार लोकसभा चुनावों के दौरान पहले ही संकेत दे चुकी है कि भर्ती प्रक्रिया में बदलाव के लिए उसके पास विकल्प खुले हैं।

**सभी अग्निवीरों को किया जा सकता है नियमित!**
सेना के सूत्रों का कहना है कि कुछ सुझाव उनके पास आए हैं। जैसे अग्निवीरों की सेवा शर्तों को लेकर बड़े फैसले किए जा सकते हैं। अग्निवीरों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में सरकार भर्ती बढ़ाने की भी तैयारी कर रही है। उनमें आरक्षण बढ़ाने का प्रावधान दिया जा सकता है, जो अभी तक 10 फीसदी था।

# दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो की मौत दो घायल

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा के गुनई गहरपुर गांव के समीप मेजा-मांडा रोड पर दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो हैं। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा भिजवाया गया। जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया और दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के लोटाढ गांव निवासी राजा आदिवासी पुत्र अनिल कुमार आदिवासी अपने ससुर चंदन आदिवासी पुत्र स्व सूर्यलाल निवासी नेहा जागिर थाना मांडा के साथ मेजा की तरफ जा रहे थे कि गुनई गहरपुर के समीप सामने से आ रहे बाइक सवारो से जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में बाइक चालक राजा आदिवासी पुत्र अनिल कुमार निवासी लोटाढ थाना मेजा समेत दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चंदन आदिवासी पुत्र स्व सूर्यलाल निवासी नेहा जागिर थाना मांडा गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। सामने से आ रहे बाइक सवार में एक युवक की भी मौत हो गई जबकि उसके साथ बैठे एक बाबा जी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा भिजवाया गया। जहां डाक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों को शहर स्थित अस्पताल में रेफर कर दिया गया। दुर्घटना से इलाके में हड़कंप मचा रहा। सूचना पर थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। खबर लिखे जाने तक एक मृतक व एक घायल का नाम स्पष्ट नहीं हो सका था। हालाकि इस हादसे में मरने वाले लोगों के घर मातम छाया हुआ है।

## मेजा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी, मौत

**मेजा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के भटौती गांव में अज्ञात कारणों से एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजनों ने देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात मेजा थाना क्षेत्र के भटौती गांव निवासी राजेश निषाद की बेटी नीतू निषाद (18) अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब वह नहीं उठी तो परिजनों ने कमरे में देखा तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। सूचना पर मेजा कोतवाली के दरोगा वीरेन्द्र सिंह यादव मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल में जुट गए। घटना से युवती के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# पर्यावरण का संरक्षण नगर निगम प्रयागराज का विजन बन गया : महापौर गणेश केसरवानी

अखंड भारत संदेश

### ऑल इंडिया मेयर्स एंड आर डब्ल्यू ए एस सबमिट सम्मेलन में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व महापौर गणेश केसरवानी ने किया



**प्रयागराज।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया मेयर्स एंड आर डब्ल्यू ए एस सबमिट सम्मेलन में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने किया और कहा कि पर्यावरण की संरक्षण को लेकर प्रयागराज नगर निगम पिछले वर्ष 119000 पेड़ लगाए और उसका संरक्षण किया और इस वर्ष भी लगभग 2 लाख लक्ष्य निर्धारित कर वृक्षारोपण का कार्य आरंभ कर चुका है जो पूरे देश के लिए मिशाल बनेगा और कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे देश में गंगा टनल क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर राष्ट्रपति महोदया के द्वारा प्रयागराज को सम्मानित किया गया और इस वर्ष भी स्वच्छता के मिशन को लेकर प्रयागराज नगर निगम सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं आधुनिक मशीनों के द्वारा कूड़ा निस्तारण को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है और साथ ही पर्यावरण संरक्षण ,जल संरक्षण, और स्वच्छता को लेकर समाज के अंदर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक लगातार कर रहा है जिसके कारण समाज का सहयोग प्राप्त हो रहा है उन्होंने कहा कि देश के सभी नगर पालिका नगर निगम समाज के साथ मिलकर काम करें तो पर्यावरण एवं जल संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए पूरी दुनिया के लिए भारत मिसाल बनेगा। इस अवसर पर सम्मेलन के आयोजकों ने महापौर गणेश केसरवानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# रेस्टोरेंट व होटल संचालकों ने एसडीओ व जेई के साथ की मारपीट

अखंड भारत संदेश

**महुवारी स्थित श्रद्धा रेस्टोरेंट तथा डायमंड होटल में वह चेकिंग करने गए थे**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के महुवारी इलाके में गुरुवार को चेकिंग के दौरान 33/11 केवी रामपुर के एसडीओ और जेई के साथ रेस्टोरेंट व होटल संचालकों ने गालीगलौच तथा मारपीट की। आरोप है कि जब अधिकारी लौटने लगे तो आरोपियों ने उन्हें सरकारी गाड़ी से खींचकर मारापीटा। जेई की ओर से होटल व रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। 33/11 केवी रामपुर के अवर अभियंता संतोष कुमार गौतम और एसडीओ आशुतोष मिश्रा का आरोप है कि महुवारी स्थित श्रद्धा रेस्टोरेंट तथा डायमंड होटल में वह चेकिंग करने गए थे। जहां डायमंड होटल में जांच के दौरान पाया गया कि मीटर से छेड़छाड़ कर दो किलोवॉट के कामर्शियल कनेक्शन पर लगभग सात एसी, 20 पंखे चलाए जा रहे थे। जिसकी पूछताछ पर वहां पर मौजूद राहुल सिंह, हेमंत सिंह, हिमांशु सिंह एवं उनके अन्य साथियों नें बिजली अधिकारियों को घेरकर मारापीटा। जब एसडीओ और जेई अपनी जान बचाकर भागे तो आरोपियों ने उन्हें सरकारी गाड़ी से उतारकर मारापीटा। जेई की तहरीर पर तीन नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ बिजली चोरी, सरकारी कार्य में बाधा व मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# सरकार गठन का न्योता मिलने पर भाजपाइयों में खुशी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** एन डी ए गठबंधन को सरकार गठन का न्योता मिलने पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में कार्यकताओं ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी की तस्वीर को प्रतीकात्मक रूप से मिठाई खिलाकर केंद्र में एन डी ए सरकार बनने की खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि नरेंद्र मोदी पुनः तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं ये भाजपा कार्यकताओं के लिए अति प्रसन्नता का विषय है। देश के विकास को अब एक और नई दिशा मिलेगी और देश विकास के पथ पर दोगुनी रफ्तार से दौड़ेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बैठने वाले नहीं हैं और एक नई ऊर्जा के साथ संगठन के काम में अपना कर्तव्य निभाएंगे। केंद्र में सरकार गठन से एक नई ऊर्जा का संचार कार्यकताओं में हुआ है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, संजय श्रीवास्तव, अवनीश तिवारी, राजेश गोंड, नटवर लाल, राकेश भारती, आनंद दूबे, महेंद्र तिवारी, प्रशांत शुक्ला, रजनीश श्रीवास्तव, शमीम फारूकी, बिलाल अहमद, मनोज कुशवाहा, हरीश मिश्रा, संजय सिंह, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. रतन तिवारी को आई आई डब्ल्यू बीआर की सौंपी गई कमान लोगों दिया बधाई



**मेजा।** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आइआइडब्ल्यूबीआर) करनाल में डा.रतन तिवारी को निदेशक की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि मेजा के डेलौहा गांव निवासी डा. रतन के पिता डा. रमेश चंद्र तिवारी बीएचयू में कृषि विज्ञान संकाय के एचओडी विभाग में रह चुके हैं।काशी हिंदू विश्वविद्यालय से कृषि में स्नातक के बाद वहीं से एमएससी और आनुवंशिकी और पादप प्रजनन विषय में गेहूं की फसल पर पीएचडी की उपाधि ली। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान में वर्ष 1993 में बतौर वैज्ञानिक ज्वाइन किया प्रधान वैज्ञानिक के रूप में कार्य करते रहे। गौरतलब है कि डा तिवारी की इस कामयाबी पर अरुण तिवारी, अनिल तिवारी, दिलखुश तिवारी, देशराज सिंह, राजेंद्र शुक्ल और राजेश विश्वकर्मा ने आदि के अलावा कई अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

# न्यूज झरोखा

## शुआट्स फोटोग्राफी क्लब द्वारा विदाई समारोह का आयोजन



**प्रयागराज।** शुआट्स फोटोग्राफी क्लब (एसपीसी) ने एसपीसी कार्यालय, शुआट्स में भावभीनी विदाई का आयोजन किया। एसपीसी के संयुक्त रजिस्ट्रार (प्रशासन) और स्टाफ सलाहकार डॉ. सी. जॉन वेस्ले का एसपीसी के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार ने गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में स्नातक एसपीसी अधिकारियों और सदस्यों को सम्मानित किया गया और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की गई। डॉ. वेस्ले ने आने वाले सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए 2024-25 सत्र के लिए नवगठित समिति को भी मंजूरी दी। एर. एसपीसी के सोशल मीडिया विश्लेषक और समन्वयक गौरव सुमन ने छात्रों को अपने फोटोग्राफी कौशल को लगातार बढ़ाने और सामाजिक सुधार के लिए उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह आयोजन कृतज्ञता और प्रेरणा का मिश्रण था, जिसने एसपीसी के बाहर जाने वाले और आने वाले दोनों सदस्यों के लिए सकारात्मक माहौल स्थापित किया।

## जंघई में बॉम्बे बिग बाजार का भव्य शुभारंभ



**जंघई।** जंघई मछलीशहर रोड, यूनियन बैंक के सामने बॉम्बे बिग बाजार का भव्य शुभारंभ हुआ। निदेशक सुशील उपाध्याय ने बताया इस सेल में लेडीज कुर्ती, टॉप, प्लाजो, ऐरम, टी शर्ट, लोअर, पैंट, शर्ट, शरारा, नाईट ड्रेस सलवार, सूट इत्यादि 25 प्रतिशत से लेकर 40% की छूट पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि जंघई क्षेत्र का यह पहला सबसे बड़ा मार्केट है जहां बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार के कपड़े उपलब्ध हैं।आस पास के दर्जनों गांवों के लोगों के लिए उचित एवं किफायती कीमत पर गुणवत्ता के साथ सामान उपलब्ध है, सुशील उपाध्याय ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक लोग सेवा का अवसर प्रदान करें। उद्घाटन समारोह में राकेश शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, महेश शुक्ला,भूपेश शुक्ला, संतोष सिंह, राणा सिंह, संतोष तिवारी, अरविन्द शुक्ला, धर्मेश शुक्ला, लक्ष्मीकांत उपाध्याय, नरेंद्र शुक्ला भोलानाथ तिवारी, विजय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा जंघई में संगोष्ठी का आयोजन




**जंघई।** अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई में राज मिस्त्रियों एवं ग्राहकों के मध्य गुरुवार शाम को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं राज मिस्त्रियों को कंपनी द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के टेक्निकल मैनेजर नीरज शुक्ला एवं प्रशांत पांडेय ने सभी शिल्पकारों को संबोधित करते हुए गर्मी के मौसम में निर्माण में आ रही चुनौतियों के विषय में जानकारी दी और तराई के उपायों के बारे में बताते हुए उपस्थित लोगों को सीमेंट की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती के बारे में विस्तारपूर्वक कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम के सेल्स अधिकारी देवेश चतुर्वेदी एवं नीरज पांडेय द्वारा उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, अशोक पांडेय, हरिश्चंद्र मिश्र प्रधान, आशुतोष पांडेय, गामा पांडेय, संजय पांडेय, अरुण यादव, राजित राम यादव, अंकुर पांडेय, अंकित पांडेय, रवि, चंद्रमणि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खेत से किसान की दिनदहाड़े बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाइक लेकर खेत गए किसान बाइक खडी करके खेतों की सिंचाई करने लगा। अज्ञात चोर दिनदहाड़े बाइक उडा दिए। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे रूद्रशाह निवासी प्रियांशू प्रसाद पुत्र मयाराम बाइक लेकर खेत गया था। बताया गया है कि बाइक खडी करके खेतों की सिंचाई करने लगा थोडी देर में अज्ञात चोर दिनदहाड़े बाइक उडा दिए।प्रियांशू ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## घर में सोयी युवती रहस्यमय ढंग से गायब मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी उन्नीस वर्षीय बहन घर में सोयी थी। सुबह वह गायब थी। व्यक्ति अज्ञात में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सांसद प्रवीण पटेल को मंत्री बनाए जाने की किया मांग

**सहसों।** क्षेत्र के बिगहियां गांव मे बुद्धिजीवियों एवं भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक राम जानकी सत्संग प्रचार मंडल प्रयागराज के संस्थापक आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व से तीन बार विधायक रहे एवं कड़े मुकाबले के बाद विजय श्री का पताका फहराने वाले फूलपुर संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण पटेल को एनडीए सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की पुरजोर मांग की गई। बैठक में लक्ष्मीकांत मिश्र, वीरेंद्र जायसवाल, प्यारेलाल विश्वकर्मा, नीरज जायसवाल, रामबाबू बिन्द, गिरजा शंकर, अतिंद्र मिश्रा, जगपत धुरिया, संतोष मोदनवाल आदि लोग मांग करते उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित सांसद उज्ज्वल रमण सिंह की जीत पर सपाइयों ने किया खुशी का इजहार बांटी मिठाईयां

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसद उज्वल रमण सिंह की जीत पर पार्टी के जोनल प्रभारी एवं परानीपुर गांव निवासी इंद्रेश यादव के नेतृत्व में जुटे सपाई व कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया इस दौरान पटाखे भी फोड़े गए। उल्लेखनीय है कि परानीपुर गांव निवासी एवं जोनल प्रभारी इंद्रेश यादव ने कांग्रेस प्रत्यशी एवं पूर्व मंत्री तथा प्रयागराज के नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह प्रचंड ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर करते हुए गठबंधन के सभी सहयोगियों कार्यकताओं तथा मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। और कहा कि सांसद उज्जवल रमण सिंह की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे उनके पिता माननीय कुंवर रेवती रमण सिंह का जमीनी इतिहास एवं कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने गांव में उपस्थित सभी लोगों का आभार जताते हुए नवनिर्वाचित सांसद को बधाई देते हुए लोगों का मुंह मीठा कराया। और एक दूसरे को आपसे बधाई भी दिया। इस मौके पर काशीराम पाल प्रभु सोनकर रंजीत सोनकर शशिकांत यादव रोहित यादव लालचंद यादव सुरेंद्र कनौजिया लतीफ गोपी प्रजापति कृष्णगोपाल मिश्रा राजमणि भारती तथा लाल बाबू कनौजिया आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## तेज धूप का कहर, दिन में लू की लहर

**प्रयागराज।** मौसम का मिजाज एक बार फिर से तल्ख हो चुका है। शुक्रवार को तेज धूप के निकलने से दिन का तापमान अपने एक दिन पहले के 41.5 डिग्री सेल्सियस से 3.8 डिग्री सेल्सियस उछाल के साथ 45.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह जून के औसत तापमान से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसी के साथ जनपद सूबे में गर्म शहरों के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। 45.8 डिग्री सेल्सियस पारा के साथ झांसी पहले स्थान पर रहा।शुक्रवार को सुबह-सुबह तेज धूप के निकलने से शहरियों की मुश्किल बढ़ गई। लोग घर में गर्मी से परेशान रहे तो बाहर निकलते ही त्वचा जैसे झुलसने लगी। दोपहर बाद लू का प्रकोप बढ़ जाने से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। दिन ढलने के बाद भी तपिश बनी रही। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 11 जून तक जनपद के भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहने की संभावना है।

## मार्निंग वॉक पर निकली महिला की अज्ञात वाहन ने कुचला मौके पर मौत

**करछना।** प्रयागराज करछना थाना क्षेत्र के बेला चौराहा हिंदूपुर निवासी पर्वत सिंह की पत्नी श्रीमती फूलकली 67 वर्ष रोज की तरह शुक्रवार को सुबह मार्निंग वॉक पर सुबह पांच बजे घर से निकली थी जो करछना कोहडार मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के पास अंधेरा होने की वजह से सड़क मार्ग पर तेज गति से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने महिला को कुचल दिया और महिला की मौके पर मौत हो गई और वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया सुबह उजाला होने पर लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, कुछ देर बाद महिला घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश किया तो मामले की जानकारी होने पर थाने जाकर पहचान कर लिया मृतक महिला के पति पर्वत सिंह के तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस ने 178/24 धारा 279/304 अ आईपीसी का अभियोग पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खेत चराने से मना करने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खेत में बकरी डाल कर चरा रहे युवकों को मना करने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी प्रज्जवल मिश्रा पुत्र मिथलेश मिश्रा का आरोप है कि वह अपने खेत में उर्द बोए हुए है आरोप है कि गांव के कतिपय युवक बकरी डाल कर खेत चरा रहे थे।मना करने पर गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए घर में घुस कर मारे पीटे,आरोप है कि खेत पर काम कर रहे गीरीश चन्द्र ने जब बीच बचाव किया तो उसे भी मारे पीटे।प्रज्जवल मिश्रा ने मऊआइमा थाने में बाऊ, रफीक का लडका नाम अज्ञात, अब्बास का लडका नाम अज्ञात,तथा कुछ अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## आदिवासी महिलाओं और नारे लगाते बच्चों से मुलाकात कर भावुक हुए नवनिर्वाचित सांसद

### पैतृक गांव जाते समय अचानक रुक गया उज्जवल रमण का काफिला

**प्रयागराज।** शुक्रवार को करछना के बरांव अपने पैतृक निवास पर जीत के बाद पहली बार पहुंचे प्रयागराज के नए सांसद उज्जवल रमण सिंह जहां अपने नेता की दीवानगी इस कदर थी कि हर कोई अपने प्रयागराज के नये सांसद उज्जवल रमण का दीदार कर लेना चाहता था और उनका काफिला एक रोड शो में तब्दील हो गया और डिजे पर थिरकते रहे कार्यकर्ता और जगह-जगह लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया इस प्रकार की दीवानगी करछना क्षेत्र की जनता ने शायद ही कभी किसी नेता के प्रति देखी होगी लेकिन अचानक हुई एक घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जहां बरांव के एक आदिवासी कस्बे के पास अचानक उज्जवल रमण सिंह का काफिला रुक जाता है और उज्जवल रमण खुद गाड़ी से उतरकर वहां मौजूद आदिवासी महिलाओं के बीच पहुंच जाते हैं और उनसे मुलाकात करते हुए भावुक हो जाते हैं वहीं पर आदिवासी बच्चे जो की उज्जवल रमण के नारे लगा रहे थे उनसे भी हाथ मिलाते हुए एक महिला से बच्चे को अपने गोद में उठा लेते हैं जिसे देख इस प्रकार की दीवानगी क्षेत्र में भी चर्चा का विषय बना हुआ है इस प्रकार से क्षेत्र की जनता उनको अपना समझती है और मानती है यह दिखाता है और स्पष्ट भी करता है कि किस प्रकार की दीवानगी उज्जवल रमण सिंह में देखने को मिलती है जिस प्रकार से महिलाएं उज्जवल रमण का इंतजार कर रही थीं और बच्चे नारे लगा रहे थे लेकिन उज्जवल रमण ने भी उनको निराश नहीं किया और नजर पढ़ते ही अपने काफीले को रोक कर खुद उनके बीच जाकर मुलाकात किया और बच्चों से हाथ मिलाया उसके बाद उज्जवल रमण ने अपने पैतृक गांव में स्थित राघवेंद्र सरकार मंदिर में पूजा अर्चना किया और वहां मौजूद कार्यकताओं से मुलाकात भी की उसके बाद उसके बाद वह अपने निवास अशोक नगर के लिए रवाना हो गए।

## बाइक सवार दो युवकों की नीलगाय से टक्कर घायल

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर कसेरुआ कला गांव के सामने शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे घर से प्रयागराज जा रहे बाइक सवार दो युवकों को सड़क पार कर रही नीलगाय से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल परिजनों को सूचना देते हुए उपचार हेतु अन्दावां स्थित एक निजी चिकित्सालय में भेजवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली फाजिलपुर गांव निवासी धीरेंद्र यादव 26 वर्ष पुत्र फूलचंद्र एवं करन यादव 27 वर्ष पुत्र सिद्ध नारायण शुक्रवार सुबह घर से एक बाइक पर सवार होकर रोजी-रोटी के लिए प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही वह कसेरूआ कला गांव के सामने पहुंचे कि अचानक तेज गति से एक नीलगाय ने सड़क पार करते समय बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवकों को अन्दावां के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अच्छे इलाज के लिए अन्दावा से ले जाकर प्रयागराज के एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

# असिस्टेंट प्रोफेसर का सड़क हादसे में मौत हो जाने पर इविवि में आयोजित की गई शोकसभा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर का गुरूवार को भीषण सडक हादसे में निधन हो गया। दिवगंत आत्मा की शन्ति के लिए विश्वविद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता माननीया कुलपति प्रो0 संगीता श्रीवास्तव ने की। यह शोक सभा उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन घारण कर ईश्वर से प्रार्थना करती है कि वे उनके शोक सन्तप्त परिवार को असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। शोक संदेश में उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक अपनी एक दिन का वेतन शोकाकुल परिवार को प्रदान करगें, जोकि लगभग 25 लाख रुपए होगें। इस शोक सभा में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 एन0के0 शुक्ला, कुलाशासक के साथ ही शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ० अनूप कुमार का जन्म 8 अक्टूबर, 1981 को बिहार प्रान्त में औरंगाबाद जिले में हुआ। डॉ0 अनूप कुमार ने अपनी उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही ग्रहण की थी। वर्ष 2013 में उनका चयन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ।

पहली आजादी आंदोलन के नायकों को नमन

# जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र बोले-बच्चों को इंटरनेट की दुनिया से निकाल किताबी दुनिया में लाना होगा

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** जरा याद करो कुर्बानी पहली आजादी महोत्सव प्रयागराज में शुक्रवार से शुरू हो गया है। 7 से 16 जून तक 1857 की याद में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस मौके पर न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने क्षेत्रीय अभिलेखाकार (संस्कृति विभाग) एवं भारत भाग्य विधाता के तत्वाधान में खुसरोबाग बरगद के पेड़ के नीचे आजादी के अभिलेख प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर हुई संगोष्ठी में न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिंदा हैं हम, तब यह जज्बात पैदा होगा। जब हम दैनिक सामान्य दिनचर्या से ऊपर उठकर हमेशा देश, गरीबों, राष्ट्र के बारे में सोचें, देश की संपदा कैसे सुरक्षित रहे और विकास कैसे हो इसे हर किसी को देखना होगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की दुनिया से बाहर निकलकर देश के बच्चों को किताबी दुनिया की ओर बढ़ना होगा तभी बलिदान का कर्तव्य और देश सेवा व्यर्थ नहीं जाएगी। शायरी के माध्यम से कहा कि शहीदों को याद कर हम वास्तव में जिंदा हैं नहीं तो मुर्दे होते। हमें शहीदों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना होगा।

**यहां की माटी, पुरखों को नमन :** कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने कहा कि सर्वप्रथम मैं माटी को प्रणाम करता हूं। अपने पुरखों को नमन करता हूं। भारत भाग्य विधाता टीम ने वैदिक, मध्य और आधुनिक इतिहास को बेहतर पिरोया है। पौराणिक पहचान को पुनःजीवित कराया हैं। मैं इस मुहिम के साथ हूं। पूर्वजों को याद कर शहीद परिवारों का मान बढ़ाया है। देश की आजादी में कुबार्नी देने वालों को शहीदवाल में प्रदर्शित कर भारतीय शहीदों को सम्मान बढ़ाने का कार्य किया।

**पहली आजादी की क्रांति हिंदू-मुस्लिम ने मिलकर लड़ी :** शहीदवाल संस्थापक, कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र पाठक ने कहा कि इलाहाबाद में पहली आजादी की क्रांति में हिंदू और मुस्लिम ने मिलकर की। हमारे पूर्वज आजादी की लड़ाई में कूदे। उन्होंने कहा पूर्वजों ने पेंशन, भत्ते के लिए आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी। देश को आजाद कराने में कुबार्नी दी। 1857 हमारे पुरखों और अंग्रेजों की लड़ाई थी। गुलामी से मुक्ति और आजादी के लिए हमारे पुरखों ने कुबार्नी दी थी। उस समय अंग्रेजों के शहीद होने पर सम्मान के साथ दफनाया जाता था। मगर भारतीयों का कोई अता पता नहीं होता था। अंग्रेजों ने बांटों और राज करो की नीति यहीं से शुरू कर भारत में शासन कर रहे थे। इसी के विरुद्ध पूर्वजों ने एकजुट होकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। जीए आशुतोष संड ने कहा कि यह हमारे पुरखों की गौरव गाथा है। 90 साल आजादी के पहले इलाहाबाद आजाद हो गया था। यह क्रांतिकारी का मुख्यालय था। उन्होंने कहा कि खुसरोबाग के बाहर द्वार पर एक बोर्ड हो, जिसमें क्रांतिकारियों के मुख्यालय का भी जिक्र हो। संचालन प्रमोद शुक्ला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण मोहन चौधरी प्रभारी खुशरूबाग ने दिया। इस मौके पर श्रद्धांजलि देने वालों में शैलेंद्र अवस्थी, अनिल गुप्ता, अनिल पांडे, दिनेश तिवारी, शशिकांत मिश्रा, विनोद, नीरज अग्रवाल, राजकुमार, शैलेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# देर रात बिजली सप्लाई बंद सुबह नहीं मिला पानी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** देर रात खुसरोबाग उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति बंद होने से सुबह एक तिहाई शहर को दो घंटे विलंब से मिला। खुसरोबाग से सिविल लाइंस समेत पुराने शहर के तमाम इलाके के घरों की जलापूर्ति सुबह छह बजे शुरू हो जाती है। शुक्रवार को क्षेत्र की जलापूर्ति सुबह आठ बजे शुरू हुई। इसकी वजह से पुराने शहर में सुबह लोग पानी के लिए परेशान हुए। खुसरोबाग उपकेंद्र से जलकल के जलाशय की बिजली सप्लाई देर रात एक बजे बंद हो गई। बिजली नहीं होने से जलाशय में यमुना से आने वाले पानी का शोधन बंद हो गया। दो घंटे (भोरतीन बजे तक) बिजली सप्लाई बंद होने खुसरोबाग जलाशय में पानी का शोधन रुका रहा। इसकी वजह से सुबह छह बजे के बजाये आठ बजे पानी की सप्लाई शुरू हो सकी। जलकल के सचिव शिवम मिश्रा ने बताया कि पहले बिजली सप्लाई बंद हुई। इसके बाद फेज उल्टा हो गया। दोनों समस्या के चलते यमुना से आए पानी का शोधन बाधित होने पर दो घंटे विलंब से जलापूर्ति शुरू हो पाई। इसके चलते सिविल लाइंस, नवाब यूसुफ रोड, पुराना शहर, कटरा, कर्नलगंज, मेयोहाल के आसपास, नयापुरवा, म्योराबाद इलाके के हजारों घरों को सुबह आठ बजे के बाद पानी मिला।

# कार सवारों ने महिला को कुचला, मौत सड़क पर शव रख परिजनों ने लगाया जाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के कीडगंज इलाके में 55 साल की महिला की कार से कुचलकर मौत के मामले में शुक्रवार को परिजनों और क्षेत्र के लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। शाम को महिला के शव का पोस्टमार्टम हुआ तो लोग शव लेकर कीडगंज बीच वाली सड़क पर पहुंच गए।शव को सड़क पर रख चक्काजाम कर दिया। गुस्साए लोग महिला के परिजनों को मुआवजा देने और कार सवारों पर गंभीर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। गुस्साए लोगों ने शव रख हंगामा किया और नारेबाजी की। पुलिस ने पहुंच मामला संभाला। मामला गुरुवार की रात का है। असल में शुक्रवार दोपहर जब महिला को कुचले जाने का सीसीटीवी फुटेज सामने आ गया तो लोगों का आक्रोश बढ़ गया। कीडगंज थाना क्षेद्ध के नई बस्ती इलाके के रहने वाले गणेश प्रसाद की पत्नी बीना शर्मा 55 साल गुरुवार की रात सड़क पार करते वक्त थक कर किनारे पर बैठ गईं। वह रात में मंदिर दर्शन कर लौट रहीं थी। इसी बीच एक कार ने बीना शर्मा को कुचल दिया। महिला कार के टायर के नीचे आ गई। इसके बाद कार सवार तेजी से निकल भागे। भीड़ लगी तो जख्मी बीना को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। रात में मामला ठंडा पड़ गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। सुबह मुहल्ले वालों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए। दोपहर में जब शव का पोस्टमार्टम हुआ तो गुस्साए लोग शाम चार बजे शव को सड़क पर रख प्रदर्शन करने लगे। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। कार सवारों की तलाश में दो टीमें लगी हैं।

## खाद खोदने को लेकर मार पीट चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गड्ढे में खाद खोदने को लेकर मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवां निधि का पूरा निवासी समर बहादुर पुत्र राम देव का आरोप है कि गड्ढे में रखे खाद को लेकर पडोसी ने उसे और उसके परिजनों को मारे पीटे ।समर बहादुर ने तारा देवी,खुशबू,रन्नू देवी, कल्लू उर्फ खूटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## पटेल नगर मार्केट के पास अज्ञात बदमाशों ने युवती का छीना बैग

**प्रयागराज।** थाना झूंसी क्षेत्र अंतर्गत रहिमापुर आशीष पत्नी शिल्पा परिवार के साथ अपने कुछ काम से झूसी पटेल नगर जा रहे थे तभी पटेल नगर मार्केट पर पहुंचते ही अज्ञात बदमाशों ने पीछे से पत्नी शिल्पा का बैग छीनकर भाग निकले बेखौफ बदमाश खुलेआम वारदात को रात्रि के 8:00 बजें घटना को अंजाम दिया। पीड़ित शिल्पा ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है पीड़ित ने बताया कि बैग में पचास हजार रूपए बाइक के कागज और एक एंड्रॉयड फोन था। अज्ञात युवक पीछे से आकर बैग छीनकर भाग निकले पीड़ित अपने पति संग थाने पहुंचकर तहरीर दिया।



# मूर्ति स्थापना के साथ हुआ गंगा महोत्सव का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** श्री संगम महाआरती जिला प्रशासन मेला प्राधिकरण एवं जय त्रिवेणी जय प्रयाग सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को रामघाट के पास गंगा अवतरण दिवस का आयोजन किया गया। दस दिवसीय गंगा महोत्सव के पहले दिन का शुभारंभ महंत बलवीर गिरि, महंत यमुना पुरी, रामरतन दास, चंद्रदेव एवं स्वामी अभिरामाचार्य के हाथों मां गंगा, यमुना,सरस्वती के विशाल मूर्ति स्थापना के साथ किया गया। ग्यारह बटुकों एवं ग्यारह कन्याओं ने महाआरती की। पूर्व कमेटी अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने मां गंगा का पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान किया। मीडिया प्रभारी अंकुश शर्मा ने बताया कि शनिवार को सुंदरकांड एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले तीर्थपुरोहित बंधुओं का सम्मान होगा।

# पूर्व सांसद रेवती रमण से व्यापारियों ने पीडीए की शिकायत किया



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य में हो रही मनमानी की शिकायत व्यापारियों ने शुक्रवार को पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से उनके आवास पर जाकर की। गुरुवार को पीडीए के दस्ते ने नैनी के जेल रोड पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी। इस दौरान व्यापारियों वह पूर्व सभासद विनय जायसवाल ने मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध किया था। व्यापारियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व सभासद विनय जायसवाल बाबा ने पूर्व सांसद को आरोप लगाते हुए बताया कि नैनी डाकखाना से जेल रोड चौराहा तक नाला का निर्माण कार्य बीच सड़क से नाप ना कराकर एक पक्ष के लोगों को दबाया जा रहा है। हनुमान नगर में भी मानक के विपरीत निर्माण कार्य जा रहा है। इसके अलावा चीनी मिल रामलीला मैदान की बाउंड्री भी मनमाने तरीके से तोड़ी गई है। इस अवसर पर नैनी के कई व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रोफेसर सत्यकाम ने उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्व विद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण किया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रति कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने आज शुक्रवार को कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात शत प्रतिशत ले जाने की दिशा में तेजी से कार्य करेगा।उन्होंने कहा कि शिक्षक विश्वविद्यालय के मेरुदंड हैं। उनके प्रयास से ही यह संकल्प साकार हो पाएगा। हमारे अंदर यह जज्बा होना चाहिए कि हम भी कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह लक्ष्य पूरा कर लिया तो हम मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरेंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारे सामने कोई बाधा नहीं आएगी। हम सभी के सहयोग से इस बाधा को पार कर लेंगे।उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय अपनी ब्रांडिंग बनाने पर जोर देगा। विश्वविद्यालय में उपलब्ध सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ यहां नामांकित छात्रों को मिलेगा।

**दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक कार्य करने का अनुभव :** इस अवसर पर निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम का स्वागत करते हुए कहा कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में इतने लंबे वर्षों तक कार्य करने के अनुभव का लाभ इस मुक्त विश्व विद्यालय को मिलेगा। मुक्त विश्व विद्यालय की टीम विश्व विद्यालय को आगे बढ़ाने में उनका भरपूर सहयोग करेगी।प्रोफेसर सिंह ने पूर्व कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस विश्वविद्यालय को काफी आगे बढ़ाया। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम एवं वर्तमान कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह का स्वागत कुल सचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।इस अवसर पर विश्व विद्यालय के निर्देशकों, अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने राजभवन के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व विद्यालय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा सेंटर फॉर ऑनलाइन एजुकेशन का निरीक्षण किया।



## हाईकोर्ट समाचार

# सेक्स रैकेट के वीडियो, पोर्नोग्राफी की जांच लैब से कराएं : हाईकोर्ट

### पत्नी पर बेटियों को सेक्स रैकेट में उतारने का शक

**प्रयागराज।** पति ने अपनी पत्नी के सेक्स रैकेट और पोर्नोग्राफी में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। उन्हें शक है कि पत्नी उनकी दो बेटियों को मजबूर कर सेक्स रैकेट का हिस्सा बना चुकी है। इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति के पेश किए गए सीडी/डीवीडी की फोरेंसिक जांच के आदेश दिए हैं। आरोप है कि उस सीडी/डीवीडी में उसकी पत्नी से संबंधित न्यूड वीडियो हैं।

**पति को शक- बेटियों को भी सेक्ट रैकेट में शामिल कर दी होगी**


याची का कहना है कि उसकी पत्नी किसी सेक्स रैकेट और पोर्नोग्राफी में शामिल है। जिसके कारण वे दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। शक है कि उसकी दो नाबालिग बेटियों को भी सेक्स रैकेट का हिस्सा बनने के लिए मजबूर किया गया होगा। याची ने कहा कि वह एक चिंतित पिता है, जो अपनी दो नाबालिग बेटियों की जान बचाना चाहता है। उन्हें अच्छी शिक्षा देना चाहता है ताकि वे अच्छे नागरिक बन सकें। इस याचिका के समर्थन में दाखिल हलफनामे में लगाए गए आरोपों और उनकी पत्नी के खिलाफ की गई गंभीर शिकायतों व उन वेबसाइटों के विवरण जिन पर अश्लील दृश्य अपलोड किए गए थे, उसे देखते हुए जस्टिस अजीत कुमार ने कर्नाटक, बेंगलुरू स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा डीवीडी और सीडी की तकनीकी जांच कराने का निर्देश देना आवश्यक समझा । पारिवारिक न्यायालय द्वारा वीडियो की फोरेंसिक जांच के लिए उसके आवेदन को खारिज कर दिया गया था।याची (पति) ने फेमिली कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी।

**पत्नी की आवाज की भी जांच होगी**

पति ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुत किए और पारिवारिक न्यायाधीश के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया कि सीडी/डीवीडी, जिनमें कुछ ऑडियो और वीडियो थे। उसका विज्ञान प्रयोगशाला से सत्यापन कराया जाए। सीडी के साथ विपक्षी (पत्नी) की आवाज का नमूना भी जांच को भेजा जाए। पारिवारिक न्यायालय ने आवेदन को स्वीकार कर लिया और निर्देश दिया कि ऑडियो और वीडियो सीडी को 2018 में निदेशक, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, यूपी, लखनऊ को भेजा जाए। पक्षों (पति और पत्नी) की आवाज के नमूने लेने के बाद, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने जुलाई 2022 में एक रिपोर्ट भेजी, जिसमें बताया गया कि डिजिटल डेटा में महिला और पुरुष की आवाज पत्नी और याचिकाकर्ता/पति के साथ संभावित रूप से समान पाई गई। जहां तक वीडियो डिजिटल डेटा का सवाल है, चूंकि यह ट्रांसक्रिप्शन के अनुसार नहीं था। इसलिए ऑडियो और वीडियो सीडी और डीवीडी की जांच करते समय इसकी जांच नहीं की जा सकी। इसके बाद याचिकाकर्ता ने यह आवेदन दिया कि अगर फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, यूपी, लखनऊ डीवीडी की जांच कर- के रिपोर्ट नहीं भेज सकती है, तो इसे किसी दूसरी एजेंसी को भेजा जाना चाहिए। फैमिली कोर्ट ने जनवरी 2023 के आदेश के तहत इस आवेदन को खारिज कर दिया और इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याची की दलीलें सुनने के बाद, न्यायालय ने अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय द्वारा पारित आदेश को रद्द कर दिया, तथा पारिवारिक न्यायाधीश को निर्देश दिया कि वे ऑडियो और वीडियो दोनों सीडी/डीवीडी की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, कर्नाटक, बेंगलुरू द्वारा नए सिरे से जांच कराएं। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि प्रयोगशाला को सीडी/डीवीडी प्राप्त होने की तारीख से एक महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा जाए। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए आगे आदेश दिया, परिवार न्यायालय इस आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने के दो सप्ताह के भीतर उचित आदेश पारित करेगा।

# नैनी छोटा चाका गांव में पानी के लिए स्थानीय लोग काफी परेशान

## नलकूप में लटक रहा ताला भीषण गर्मी में छोटा चाका में बढ़ी पानी की किल्लत : संजय श्रीवास्तव







अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के नगर निगम वार्ड 17 में शामिल हुए विकास खंड चाका के छोटा चाका गांव में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। इस भीषण गर्मी में लोगों का आरोप है कि एक माह से पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। मोहल्ले में बने जल निगम के नलकूप में पिछले एक महीने से ताला लटका हुआ है। जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। अधिकारियों से शिकायत भी की गयी लेकिन नतीजा सिफर रहा। शुक्रवार को आक्रोशित लोगों ने जल निगम चाका कार्यालय का घेराव कर आक्रोश जताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि छोटा चाका के ट्यूबवेल में ताला लगा हुआ है। ऑपरेटर लापता है। इतनी भीषण गर्मी में अभियंता कुंभकरणी नींद में सो रहे हैं। जनता पानी की एक एक बूंद के लिए परेशान हो रही है। अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। आक्रोश व्यक्त करने वालों में गांव के ही मनोज राव, नंद गोपाल, सुमन गौड़, रानी, कुशाल गुप्ता, रितेश, सुनील विश्वकर्मा, उमेश सेन आदि ने बताया कि भीषण गर्मी में एक माह से ट्यूबवेल नहीं चलाया गया है। जिससे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने कहा अगर पानी की समस्या को दूर नही किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे।

# 11551 दीपों से सभी घाटों को जगमग कर मां सई गंगा की होगी भव्य महाआरती

## 16 जून को श्री गंगा दशहरा महोत्सव को भव्य बनाने की तैयार हुई रूपरेखा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव समिति की एक बैठक मां बेल्हा देवी धाम में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह (मुन्ना भैया) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गंगा दशहरा महोत्सव मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की 16 जून को शाम चार बजे से रात्रि 11 बजे तक मां बेल्हा देवी धाम स्थित सभी घाटों पर 11551 दीपों से प्रकाशमय कर के मां सई गंगा की भव्य महा आरती की जाएगी एवं मां गंगा के अवतरण की भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएगी और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध वितरण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने का अनुरोध सभी भक्तों से किया और कहा कि मां बेल्हा देवी की कृपा से सभी कार्यक्रम भव्य होंगे। समिति के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने सारे होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की एंव समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यवस्थापक रघ्घू पंडा, जग्गू पंडा, मनोज पंडा, जगदम्बा पंडा, मोनू पंडा, अरविंद सिंह, रंगीली पंडा, दीपक सिंह, दिव्यांशु महाराज, देव शंकर मिश्र, रूद्र शुक्ला, गणेश, प्रदीप, अमन, सुरेश मास्टर, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।



गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

## उचक्कों ने उड़ाया पचास हजार, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बैंक से पैसा निकालने के बाद बाइक की डिग्गी में रखकर पीड़ित चाय पीने चला गया। इसी बीच अज्ञात उचक्कों ने डिग्गी का लॉक तोड़कर पचास हजार की नकदी उडा लिया। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे दत्ता बाबूगंज गांव निवासी हरिवंश शर्मा के पुत्र घनश्याम शर्मा गुरूवार को दोपहर बाइक से अपने बेटे के साथ लालगंज कस्बा स्थित एसबीआई शाखा से अपने खाते से पैसा निकालने आये थे। यहां खाते से पचास हजार निकालने के बाद पिता पुत्र बाहर खड़ी बाइक की डिग्गी में पैसे को रखा और बगल चाय पीने चले गये। इसी बीच अज्ञात उचक्के बाइक का लॉक तोडकर उसके रखी पचास हजार की नकदी उडा ले गये। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़खानी व हत्या के मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

## एक अभियुक्त अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगपुर में पांच जून को आरोपीगण द्वारा एक व्यक्ति की पुत्री के साथ छेड़खानी करने/जातिसूचक गाली देने व आवेदक के लड़के द्वारा विरोध करने पर धमकी देने के प्रकरण में 6 जून को लोहंगपुर बाईपास पुल के नीचे आवेदक के पुत्र का शव मिलने की घटना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अन्तू में नामजद चार अभियुक्तों के अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक अंतू जितेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह व0उ0नि0 रविन्द्र कुमार यादव व आरक्षी छोटक चौधरी, आरक्षी संजय प्रजापति द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त में वांछित 03 अभियुक्तों अशफाक अली उर्फ गोरे पुत्र अनवर अली,अकबाल पुत्र नन्हे, सलामत अली पुत्र नन्हे निवासीगण ग्राम लोहंगपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को थाना अन्तू क्षेत्रान्तर्गत ककरहा चैराहे के पास शुकुलपुर रोड की तरफ से गिरफ्तार किया गया। बताते चले की बीते पांच जून को मृतक के ऊपर ही गांव की लड़की ने छेड़ने और विरोध करने पर फायरिंग का आरोप लगाया था।





पुलिस की हिरासत में अभियुक्तगण।

# मौसम ने बदला मिजाज, अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

## ओपीडी में मरीजों की संख्या पहुंची 450 के पार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इलाके में उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। आलम यह है कि जरा सी लापरवाही से लोगों को अस्पताल पहुंचाना पड़ रहा है। अस्पताल में मरीजों की संख्या भरी पड़ी है। एक एक चिकित्सक सैकड़ो मरीज प्रतिदिन देख रहा है।कुछ दिन पूर्व लोग नौतपा के कहर से परेशान ही थे कि तभी हल्की सी बरसात ने लोगों को राहत दिया। पर हल्की सी बरसात ने मौसम का मिजाज इस तरह बदल दिया कि लोग उमस भरी गर्मी से बीमार हो रहे हैं। अस्पताल में मरीजों की संख्या खचा खच भरी पड़ी हुई है। आलम यह है कि एक बेड पर दो-दो मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी डॉ अखिलेश जायसवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया इस समय बेहद सावधान रहने की जरूरत है खान-पान पर विशेष ध्यान रखें हो सके तो दोपहर में घर से बाहर न निकले बहुत जरूरी हो तो चेहरा ढक कर बाहर निकले और इलेक्ट्रॉल या ग्लूकोज का प्रयोग करते रहें।



अस्पताल में मरीजों की बढ़ी भीड़।

## आकाशीय बिजली से छत को नुकसान, एसडीएम ने दिये जांच के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाल ही में आंधी व तूफान के चलते पीड़ित के मकान की छत आकाशीय बिजली से क्षतिग्रस्त हो उठी है। लालगंज कोतवाली के कटरा बलीपुर निवासी लल्ला वर्मा ने एसडीएम को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि चक्रवाती तूफान में हुई बारिश के चलते अचानक उसके मकान पर आकाशीय बिजली गिर गयी। इससे उसके मकान के छत का एक हिस्सा धरासायी हो गया। संयोगात घटना के समय परिवार के सदस्य बाग में आम बीनने गये थे। पीडित ने दैवीय आपदा के तहत आर्थिक मदद की गुहार की है। एसडीएम प्रवीण द्वि

# कार की टक्कर से युवक घायल, चालक हुआ गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक सवार युवक को कार की टक्कर लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक कार की टक्कर तेज लगने के कारण कर का अगला पहिया फट गया। चालक तीन पहिए पर ही मौके से कार ले कर भागने लगा कार में सवार तीन महिलाएं के साथ एक मासूम बच्चा भी कार के अंदर मौजूद था कार की रफ्तार इतनी तेज़ थी कि अंदर सवार बच्चा व महिला चीखती चिल्लाती रही लेकिन चालक कार को लेकर भागता रहा।

राहगीरों ने भाग रही कार का पीछा कर पांच किलोमीटर के बाद दौड़कर ग्रामीणों ने पकड़ा। शुक्रवार की सुबह सोमनाथ गौतम बाइक लेकर अपनी बहन के गांव धौरहरा आया हुआ था। निमंत्रण देकर अपने घर खजुनी थाना सिंगरामऊ वापस जा रहा था कि गैस एजेंसी की मोड़ के पास पहुंचा ही था कि आसपुर देवसरा की तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने के कारण बाइक सवार सोमनाथ सड़क के किनारे बाइक लेकर गिर पड़ा और टक्कर लगने के कारण कार का अगला पहिया फट गया पीछे से आ रहे दो बाइक सवार ने कर चालक रोका तो कर चालक ने तीन पहिए पर ही गाड़ी दयाल गंज की बाजार की तरफ लेकर भागने लगा दयालगंज बाजार से तेजी से नारंगपुर की तरफ चल दिया अकरीपुर गांव के ग्रामीण घेराबंदी चालक खेत खलिहानों के रास्ते भागते हुए फिर से आसपुर देवसरा दाउदपुर संपर्क मार्ग से आसपुर देवसरा थाने की तरफ भागने लगा काफी दूर भगाने के बाद धौरहरा प्राथमिक विद्यालय के पास आ रही ट्रैक्टर ट्राली के सहारे ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया जिससे कार चालक मौके पर कार खड़ी कर ग्रामीणों को चकमा देकर चालक मौके से भागने में कामयाब रहा। घटना की सूचना पर पहुंचे आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने घायल को एंबुलेंस कर सीएससी अमरगढ़ भेजा जहां से घायल का प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर घायल सोमनाथ गौतम का इलाज चल रहा है।

**ग्रामीणों की मदद से युवक को भेजा गया अस्पताल**

## पुरानी रंजिश में मारपीट, दो घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी रमेश पटेल का आरोप है कि दो दिन पूर्व पड़ोसियों से मार-पीट हुई थी। इसी रंजिश को लेकर शुक्रवार को जब वह खेत की तरफ जा रहा था तो घात लगाए बैठे पड़ोसी लाठी डंडा सरिया धारदार हथियार व असलहे के बट से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच बचाव को पहुंचे संदीप पटेल को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उनकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल रमेश पटेल ने आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रभारी सीएमएस ने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का किया निरीक्षण, मरीजों को दिलवाया भोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के नये प्रभारी सीएमएस डा. शैलेंद्र कुशवाहा ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। आयुष्मान वार्ड में पहुंचे तो एक मरीज के तीमारदार ने कहा साहब हम कई दिन से यहां अपने मरीज के साथ हैं। इसके बावजूद उन्हें भोजन नहीं दिया जाता। इस पर सीएमएस ने तत्काल भोजन प्रभारी को बुलाया और उसे भोजन दिलवाया।राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के सीएमएस रहे डा. सौभाग्य प्रकाश ने अवकाश ग्रहण कर लिया। उनके स्थान पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव ने बाल रोग विशेषज्ञ डा.शैलेंद्र को सीएमएस का प्रभार दिया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में डा. आशुतोष से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मालूम हुआ कि कूलर में पानी नहीं डाला गया है। इस पर उन्होंने स्वीपर से कहा कि हर चार घंटे में कूलर में पानी भरें, नहीं तो कार्रवाई होगी। इसके अलवा इमरजेंसी में सभी प्रकार के दवाओं के उपलब्धता की जानकारी ली। आयुष्मान वार्ड में जाला एवं गंदगी पर मौजूद स्टाफ से साफ सफाई का निर्देश दिया। उनके साथ कार्यवाहक मैट्रन संतोष देवी, डाटा आपरेटर विनीत कुमार, स्टोर सहयोगी विजय कुमार यादव, गार्ड इंचार्ज दिनेश सिंह मौजूद रहे।

# एमडीपीजी कालेज में इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं शुरू

## 15 जुलाई तक संचालित होगी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ) की सत्रांत परीक्षाएँ एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ में आज सेशुरू हो गईं। परीक्षा केंद्र के अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि ये परीक्षाएँ 07 जून से 15 जुलाई तक दोनों पालियों में संचालित कराई जायेंगी। सभी पात्र छात्रों के प्रवेश पत्र इग्नू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने इग्नू छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ हर सत्र में सुचितापूर्ण परीक्षा कराता है और इस बार भी नक़ल विहीन परीक्षा कराना केंद्र की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए छात्रों के लिए उचित व्यवस्था करने का आश्वाशन दिया। परीक्षा के विधिवत संचालन के लिए कुशल निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इग्नू काउन्सलर डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि जून सत्र में प्रतापगढ़ केंद्र पर विभिन्न कोर्स के लगभग 950 छात्र परीक्षा देंगे। पहले दिन बीए, बीएससी और एमए अंग्रेज़ी के कुल 16 छात्र पंजीकृत थे जिनमे 11 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए और पांच अनुपस्थित रहे। परीक्षा में तीन जिलों प्रतापगढ़, अमेठी एवं सुल्तानपुर के परीक्षार्थी शामिल होंगे।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते शिक्षकगण।

## शादी अनुदान योजना हेतु आवेदक की आय एक लाख हुई निर्धारित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया है कि समस्त अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों हेतु शादी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 लखनऊ द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदक की आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में रूपये 1 लाख प्रतिवर्ष से अधिक नही होगी निर्धारित की गयी है। पूर्व में आवेदक की आय शहरी क्षेत्र में रूपये 56460 प्रतिवर्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में रूपये 46080 प्रतिवर्ष निर्धारित की गयी थी।

# चार धाम यात्रा के लिये तीर्थ यात्रियों के लिये अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागूः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 हेतु तीर्थ यात्रियों के लिये अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। इसके दृष्टिगत यह आवश्यक है कि चार धाम यात्रा पर जाने वाले जनपद के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाये। बगैर पंजीकरण यात्रा के लिये जाने पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन द्वारा इच्छुक तीर्थ यात्रियों के लिये एडवाइजरी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि चार धाम यात्रा-2024 के लिये उत्तराखण्ड शासन द्वारा वेबसाइट अथवा मोबाइल ऐप 'टूरिस्ट केयर उत्तराखण्ड पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की गई हैं, हर श्रद्धालु/तीर्थयात्री/पर्यटक जो चारधाम (गंगोत्री, यमुनोत्री, ब्रदीनाथ एवं केदारनाथ) की यात्रा करना चाहते है को वेबसाइट अथवा ऐप पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। चार धाम यात्रा के लिये जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नही की है। ऐसे श्रद्धालुओं को चारधाम की यात्रा न करने की सलाह दी जाये, ऐसे यात्री जिनका पंजीयन नहीं है वे निर्धारित चेक प्वाइन्ट्स पर रोक दिये जायेगें और उसके आगे नजीं जा सकेगें। यह आवश्यक है कि तीर्थ यात्री उन तिथियों पर ही यात्रा करें जिसके लिये उन्होने पंजीकरण कराया है। इससे श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने तथा धामों पर व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिलेगी। समस्त टूर आपरेटर तथा टैव्हल एजेन्ट यह सुनिश्चित करायें कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारम्भ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है। इससे तीर्थ यात्रा के दौरान असुविधा अथवा किसी प्रकार के व्यवधान को रोकने में सहायता मिलेगी।

## दस जून को कार्यकर्ता सम्मेलन में आयेंगे प्रमोद तिवारी व मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में रामपुर खास में इण्डिया गठबंधन की जीत पर प्रसन्नता जतायी गयी। वहीं बैठक में आगामी दस जून को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी मंत्रणा की गयी। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने बताया कि दस जून को प्रातः दस बजे सांगीपुर तथा सायं चार बजे लालगंज में होने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शामिल होंगी। बैठक की अध्यक्षता केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, छोटे लाल सरोज, सुधाकर पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय, पन्ना लाल पाल, दारा सिंह, सोनू शुक्ला, भुवनेश्वर शुक्ल,

# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ होने से पहले भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मुख्य यजमान संतोष कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी कृष्णा देवी ने गांव सुबह साढ़े छह बजे से ग्यारह बजे तक पूरे गांव में गाजे बाजे के संग भक्ति भाव से निकालीं। इस दौरान ग्रामीणों भी शोभायात्रा में शामिल रहे। क्षेत्र पंचायत बाबा बेलखरनाथ धाम के शेषपुर अठगवा गांव में संतोष कुमार शुक्ला के यहां सात जून से 13 जून तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक पंडित गंगेश्वर प्रसाद पाण्डेय महराज के द्वारा कही जाएगी। शुक्रवार को गांव में कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सुरेश चंद्र शुक्ल, सतीश चन्द्र शुक्ल, अशोक कुमार, गिरीशचंद्र अखिलेश शुक्ल, बाल जी, गोपाल जी व्यासजी, विकास, शुभम, शिवम शुक्ल सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष कलश यात्रा में शामिल रहे।



सिर पर कलश लेकर मौजूद महिलाएं।

## दिव्यांगजन दुकान संचालन व दुकान निर्माण योजना का उठाये लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि विभाग द्वारा संचालित दुकान-संचालन योजनान्तर्गत जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक है तथा स्वरोजगार करने के इच्छुक है एवं जिन्हें पूर्व में इस योजना का लाभ नही मिला है ऐस दिव्यांगजन को रूपये 10 हजार दुकान संचालन हेतु एवं रूपये 20 हजार दुकान निर्माण किये जाने हेतु प्रदान किय जाते है। आवेदन सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकता हैं आनलाईन आवेदन भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति को स्वाप्रमाणित कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्नों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कक्ष सं0-25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के पोर्टल पर कर सकते हैं।

## दो घरों में हजारों की नकदी समेत गहने उड़ाये, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर अज्ञात चोर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात तथा कीमती सामान चुरा ले गये। घटना को लेकर पीडित ने शुक्रवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के हेमराज रामगढ़ खास बाबूगंज निवासी विजय मिश्र पुत्र स्व. शीतला प्रसाद मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गुरूवार की रात वह परिवार के साथ सो रहा था। इसी बीच अज्ञात चोर घर के पीछे के रास्ते से घर में घुस आये। अज्ञात चोर कमरों में रखी अटैची बाक्स व आलमारी का ताला तोडकर उसमे रखी पचास हजार की नकदी व करीब तीन लाख के जेवरात तथा अन्य कीमती सामान उडा ले गये। सुबह परिवार के लोग सोकर उठे तो घर में सामान बिखरा देख आवाक रह गये। घटना को लेकर पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये 21 जून तक करें आनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया है वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियां के लिये निःशुल्क 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन किया जा सकता है। आनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 08 जून से 21 जून 2024 तक है।

आवेदन करने के उपरान्त संस्था द्वारा आनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति डाउनलोड कर प्रिन्ट आउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुये समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों से सम्बन्धित विवरण सहित निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण लखनऊ/सम्बन्धित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 21 जून सायं 5 बजे तक अनिवार्य रूप से हार्डकापी उपलब्ध करायी जायेगी। आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर दिये गये लिंक से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ से सम्पर्क करें।

## अज्ञात चालक पर लापरवाही का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने को लेकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नगर स्थित नेताजीपुरम वार्ड निवासी शिव तिवारी की पत्नी रूपा तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पचीस जनवरी को उसके पति बाइक से घर लौट रहे थे। लालगंज कालाकांकर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के दौरान उनका एक पैर भी काटना पड़ा। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत,परिजनों में मचा कोहराम

## दिल्ली-हाबड़ा रेल मार्ग पर हादसा, घटना से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर गुरुवार की रात खलीलाबाद गांव के पास वृद्ध ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह हुई। परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

घटना से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। कोखराज कोतवाली भरवारी रेलवे स्टेशन से कुछ दूर खलीलाबाद गांव के समीप गुरुवार की रात एक वृद्ध ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन के लोको पायलट ने घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। जीआरपी पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुबह जब परिजन लापता वृद्ध को खोजते हुए भरवारी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि एक वृद्ध की लाश रात को रेलवे ट्रैक पर मिली थी। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर शव की पहचान 60 वर्षीय राम लौटन पुत्र ननकू निवासी तैय्यबपुर गुवारा के रूप में की। परिजनों का कहना है कि वृद्ध की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। इसके चलते ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

### चरवा पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उ0नि0 श्रवण कुमार शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 118/24 धारा 363/366/376(3) भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त विकास पुत्र रामआसरे नि0 ग्राम किसुनपुर अम्बारी थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को रामपुर बरोलहा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्मायालय भेजा गया।

### सफाई कर्मी विना काम किए लेता है वेतन

**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के नगर पालिका परिषद रत्नावली पुरम वार्ड नंबर 19 के ग्राम बभनपुरवा में तैनात सफाई कर्मी कुलदीप कुमार की मनमानी से गांव की जनता पूरे गांव मे फैली गंदगी से परेशान हैं और इस गंदगी से भयानक बीमारी होने का डर ग्रमीणों को हमेशा लगा रहता है लेकिन अधिकारी सफाई कर्मी को बिना काम किये अपने मोहर व सिग्नेचर से पैसा क्यूं पास कर देते हैं जो गंभीर जांच का विषय है और उच्च अधिकारी सफाई कर्मी पर उचित कार्यवाही करेंगे या फिर इसी तरह सफाई कर्मी घर बैठे वेतन लेता रहेगा।

# भौंतर में पानी टंकी निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन

## टंकी निर्माण से खत्म होगी पानी की समस्या : ओमप्रकाश कुशवाहा

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर एक भौंतर में पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा के कर कमलों से किया गया उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार विकास कार्यों हेतु सजग है ग्रामीण एवं नगरीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्त्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्ही में एक योजना के तहत वार्ड में पानी टंकी निर्माण किया जा रहा है ताकि वार्ड वासियों को पेयजल संकट से जूझना ना पड़े।उन्होंने कहा सी एन डी एस उत्तर प्रदेश जल निगम कार्यदाई संस्था द्वारा भौंतर में 289.94 लाख से टंकी निर्माण किया जा रहा जिसकी पहली किस्त कार्यदाई संस्था को प्राप्त हुई है 6 माह में कार्यदाई संस्था टंकी निर्माण कर पेयजल आपूर्ति करेगी पाइपलाइन से वार्ड 1 भौंतर सहित वार्ड नंबर 7 मौलाना आजादनगर तक सप्लाई दी जाएगी भूमि पूजन के दौरान वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्री वास्तव, सभासद सुघर सिंह, सभासद राम बाबू मोदनवाल, सभासद सुरेश मौर्य, सभासद रमेश, सभासद मनोज त्रिपाठी, सिंटू सिंह, हीरालाल मौर्य सहित नगर पंचायत के तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे हैं।

# प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान माह जून, 2024 से चलाया जा रहा है

**कौशाम्बी।** राशनकार्ड लाभार्थियों के डाटाबेस में सीडेड आधार नम्बर का समुचित वैलिडेशन नहीं हो पाने के कारण पात्र/अपात्र लाभार्थियों की पहचान तथा आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न वितरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण ई-केवाईसी द्वारा किया जाना है। प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान माह जून, 2024 से चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए राशनकार्ड के समस्त सदस्यों का सहयोग नितान्त आवश्यक है।

**ई-केवाईसी अभियान के महत्वपूर्ण बिन्दु निम्नलिखित है:** राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी हेतु लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाएगा। ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोड़े जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाइल नम्बर फीड/ संशोधित किया जा सकेगा। इस मोबाइल नम्बर पर कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन का विवरण एस०एम०एस० द्वारा प्राप्त होगा। उक्त के अतिरिक्त यदि किसी राशनकार्ड में मुखिया से परिवारजन का सम्बन्ध गलत प्रदर्शित है, तो उसे भी सुधारा जा सकेगा। इस संशोधन का अधिकार भी केवल राशनकार्ड के मुखिया को होगा। अन्य सभी राशनकार्ड सदस्यों को मात्र ई-केवाईसी ही करना होगा। सभी राशनकार्ड परिवार से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उचित दर दुकानों में पहुँचकर अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराना आज ही सुनिश्चित करें।

# काल भैरव के मंदिर में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 7 रामनगर झंझागढ में काल भैरव के मंदिर में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इस विशाल भंडारे में काल भैरव के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन कर्ताओ द्वारा काल भैरव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया है काल भैरों के स्थान पर भंडारा में इस वर्ष भी हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा काल भैरव का आशीर्वाद लिया मौके पर नगर पालिका भरवारी के अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष पासी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया भंडारे के संचालन की अध्यक्षता कर रहे शिवनरेश, आयोजक रामबहादुर पटेल उर्फ दुबरी, मनोज शर्मा आयोजक, गुड्डुन तिवारी, जितेंद्र पटेल, संजय,आदि के सौजन्य से विशाल भंडारा मनाया गया हैं जिसमें हजारों भक्तो को प्रसाद ग्रहण कराया गया है।



# चूल्हे के चिंगारी से लगी आग लाखों की गृहस्थी खाक

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव में शुक्रवार को प्रदीप सरोज पुत्र नरेश के घर मे चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई आग लगने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों ने हो हल्ला मचाया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की विकरालता बढ़ती गई मामले की सूचना थाना पुलिस के साथ-साथ फायर ब्रिगेड को दी गई देखते-देखते प्रदीप के घर के अंदर रखा कपड़ा बर्तन आनाज बिस्तर फर्नीचर सहित गृहस्थी का लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर खाक हो गया है परिवार के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

# पांचवे दिन की कथा में भगवान श्रीराम केवट संवाद सुनकर कथा श्रोता हुए प्रभावित

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के रामपुर धमावा स्थित त्यागी बाबा कुटी मे सोमवार 3 जून से चल रही साप्ताहिक श्रीरामकथा के पांचवे दिन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक से लेकर चित्रकूट आगमन तक की कथा प्रसंग का कथावाचक सुधीरानंद जी महाराज ने वर्णन किया।

सीता स्वयंवर और सीता राम विवाह के बाद भगवान श्रीराम जनकपुर से अयोध्या आए। इसके कुछ दिन बाद उनके राज्याभिषेक के लिए राजा दशरथ ने कुलगुरु वशिष्ठ जी महाराज से मंत्रणा की। भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की सूचना जैसे ही मंथरा को हुई, उसने रानी कैकेयी को उनके पुत्र भरत को अयोध्या का राजा बनाए जाने की राजा दशरथ से मांग करने को कहा। राजा दशरथ से कैकेई ने दो वरदान मांगे जिसमे पहला वरदान भरत को अयोध्या का राजा और भगवान राम को 14 साल का वनवास मांगा। इसके पश्चात भगवान श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 साल के लिए वन गमन किया। रास्ते में श्रृंगवेरपुर के पास गंगा नदी के किनारे केवट से भेंट हुई। भगवान ने केवट से गंगा पार लगाने को कहा जिस पर केवट ने भगवान श्रीराम से पहले पांव धुलाने को कहा। पांव धोने के बाद केवट ने भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण को गंगा नदी पर किया। श्रीराम केवट संवाद सुनकर कथा श्रोता काफी प्रभावित हुए। गंगा नदी पार करने के बाद भगवान श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण जी चित्रकूट पहुंचे जहां उन्होंने अपना वास्तब्य किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी, प्रशांत केसरी, सीताराम केसरी, भानू प्रताप सिंह, सचिन केसरवानी, राजेश केसरवानी, कराची सिंह, रवि सिंह, दिलीप शंकर लाल समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### खेल से सम्बन्धित महानुभाव पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री के लिए 20 जुलाई तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा विगत वर्षों की भाँति आगामी गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री की उपलब्धियों से पुरस्कृत किया जाना है, जिसके लिए खेल से सम्बन्धित महानुभाओं से आवेदन-पत्र की मांग की गई हैं। यह जानकारी जिला क्रीडा अधिकारी ने देते हुए बताया कि इच्छुक महानुभाव जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम से पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री से सम्बन्धित निर्धारित प्रारूप-पत्र एवं दिशा निर्देश किसी कार्य दिवस में दिनांक 15 जुलाई 2024 तक प्राप्त कर सकतें हैं। निर्धारित प्रारूप-पत्र पर सम्बन्धित महानुभाव अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व (खेल से सम्बन्धित) के सम्बन्ध में साइटेंशन 04 प्रतियों में दिनांक 20 जुलाई 2024 तक जिला खेल कार्यालय में उपलब्ध करा सकतें है।

# किचन के कचरे और अवशेष से अब हर घर में बनेगी खाद नगर पंचायत अझुवा प्रशासन ने बांटे माय ग्रीन बिन




**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्वच्छता के पायदान पर अग्रणी रहने का सपना देख रहा है इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन प्रयास भी कर रहा है लेकिन यह प्रयास धरातल पर उम्मीद के मुताबिक नजर भी आ रहा है किचन के कचरे को कंपोस्ट खाद बनाने के प्रयास को नगर पंचायत प्रशासन ने कमर कस ली है उसके लिए नगर के 12 वार्डों में 44 की संख्या में विशेष डस्टबिन का बंटवाया गया है।अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया किचन से निकलने वाले कचरे को घर में ही खत्म करने और उससे कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए नगर पंचायत अझुवा एक खास पहल की है. इसके लिए एक विशेष तरह की डस्टबिन लोगों को नगर पंचायत अझुवा की ओर से दी गई है, जिसे माय ग्रीन बिन का नाम दिया गया है. प्रयोग सफल होने पर किचन से निकलने वाले कचरे के निस्तारण पर बहुत हद तक अंकुश लग सकेगा और घरों में बागवानी के शौकीन लोग कम्पोस्ट खाद भी आसानी से तैयार कर सकेंगे। इस खास माय ग्रीन बिन में सब्जियों के छिलके, फलों के छिलके, बचा हुआ खाना, फूल, माला या बगीचे के पत्ते डाले जाएंगे. इससे पहले इसमें एक खास तरह का केमिकल कल्चर लगभग एक इंच तक डाला जाएगा. लगभग चार इंच तक कचरा आ जाने के बाद इसमें आधा इंच कल्चर फिर से डाला जाएगा. हर रोज यही प्रक्रिया अपनानी होगी. इसके पूरा भर जाने के बाद इसे 30-35 दिनों के लिए बंद करके रख दिया जाएगा. इस दौरान 10 दिन के बाद हर दूसरे दिन बिन में नीचे लगे हुए नल से चाय की तरह का बायो बूस्टर एकत्र कर इसका उपयोग कीटनाशक के रूप में किया जा सकता है.इसके लिए 12 वार्डों में 4--4 की संख्या में विशेष डस्टबिन कर्मचारियों द्वारा बंटवा दिया गया है प्रयोग सफल होने पर इसे अभियान का रूप दिया जाएगा।

# यात्रियों के पानी पीने की मशीन के पास लगा गंदगी का अंबार

अखंड भारत संदेश

रोडवेज के कर्मचारियों ने पान की पीक थूक थूक कर भर दी गंदगी



**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर का रोडवेज बस स्टॉप अवस्था का शिकार है इस बस स्टॉप में यात्रियों को पानी पीने के लिए कूलिंग मशीन लगाई गई थी लेकिन कूलिंग मशीन के आसपास क्षेत्र में रोडवेज कर्मचारियों यात्रियों ने पीकदान बना दिया है पान खाकर मशीन के आसपास उसकी पीक थूक थूक कर गंदगी फैलाई जा रही है पानी मशीन को पीक दान बना दिया है जिससे मशीन के आसपास भीषण गंदगी व्याप्त है यात्रियों को पानी पीने के लिए लगाई गई मशीन से पानी पीना अब यात्रियों के लिए मुश्किल होता जा रहा है जिससे बस स्टॉप पर पहुंचने वाले यात्री पानी के लिए परेशान हैं एक तरफ इस बस स्टॉप पर घण्टो बसे नहीं आती है जिससे यात्रियों को बस स्टैंड पर बैठकर इंतजार करना पड़ता है दूसरी तरफ पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है सफाई कर्मचारी भी पानी की मशीन के आसपास सफाई नहीं कर रहा है वह भी केवल रोडवेज विभाग से वेतन लेने तक सीमित रह गया है रोडवेज के कर्मचारी सफाई कर्मचारी पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं आखिर ऐसे सफाई कर्मचारी की तैनाती का क्या मतलब है जो रोडवेज बस स्टैंड की गंदगी को ना साफ कर सके यात्रियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक का ध्यान आकर्षित करते हुए साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

# जाम लगाने वाले वाहन चालकों के आगे दुम दबाकर भाग जाती है पुलिस!



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन और फाटक पर ई रिक्शा बिक्रम ऑटो अप्पे चालकों के द्वारा लगातार सवारी भरने के लिए फाटक पर वाहन रोक कर खड़े रहते है सड़क पर वाहन खड़ा कर देने से जाम लगता है सुबह से देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है जिसका खामियाजा आम जनता भुगतती है यातायात बाधित होता है मौके पर चौकी पुलिस के जवान और यातायात के सिपाही वा होमगार्ड यातायात सुचारु करने के लिए लगाए गए है लेकिन यह तो वाहनों से वसूली कर रहे हैं जिससे ऑटो अप्पे विक्रम चालक पुलिस वालों पर भारी पड़ जाते हैं और कभी पुलिस के जवानों ने इन विक्रम चालकों से वाहन हटाने को कहा तो यह पुलिस पर ही बिफर पड़ते हैं जिससे पुलिस दुम दबाकर भाग जाती है आने जाने वाले लोगों को मुसीबतों से गुजरना पड़ता हैं चौकी प्रभारी इस डग्गामार ई रिक्शा ऑटो अप्पे बिक्रम चालकों के प्रति कार्यवाही नही करते नजर आते आखिर पुलिस का इनसे कोई रिश्ता हैं जो फाटक के पास से ही सटा कर सवारी के चक्कर में आम जन मानस परेशान हो रही हैं आखिर कब भरवारी रेलवे फाटक के पास से जाम हटेगा या फिर यातायात व्यवस्था की केवल बयान बाजी तक पुलिस सीमित रहेगी।

# अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्ति पुत्रियों की शादी अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र आवेदकों की आय सीमा में वृद्धि कर रू0-100000 (एक लाख रू0) प्रतिवर्ष की गई हैं। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार ने देते हुए अवगत कराया कि ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण/ ई0के0वाई0सी0 की प्रक्रिया लागू है। लाभार्थी वेवसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) में आने वाले आवेदक ही अपने आवेदन सबमिट कर सकेंगे, जिनकी पुष्टि ई डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से की जायेंगी। यदि वर की आयु 21 से कम है या बेटी की आयु विवाह की तारीख के आधार पर 18 से कम है तो आवेदक अपने आवेदन सबमिट नहीं कर सकेंगे (आधार में अंकित जन्मतिथि और विवाह की तारीख के आधार पर उम्र गणना पोर्टल पर स्वतः हो जायेंगी)। इसी प्रकार आय प्रमाण पत्र संख्या के आधार पर पोर्टल से आवेदकां की वार्षिक आय की गणना होगी, यदि उनकी आय गरीबी रेखा से अधिक है, तो वे आवेदन के पात्र नहीं है।

### ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 21 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों के लिए संचालित ह्यह्यओह्लह्ल लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था ह्यह्यनीलिटह्लह्ल (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त जनपद में कार्यरत संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को ह्यह्यओह्लह्ल लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाईट पर दिनांक 21 जून 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं।

संपादक की कलम से

# महासागरों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा

महासागर इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए, महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहाँ से आ रहा है। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। हर साल जून 8 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरों में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार ट्राइंगल यानि त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है।

# चरण-पादुका की नहीं बैशाखी की सत्ता

@ राकेश अचल

त्रेता में राम राज की स्थापना से पहले 14 साल तक चरण-पादुका की सत्ता थी। कलियुग में एक बार फिर ऐसी ही सत्ता जनता के सामने आ रही है, लेकिन इस सत्ता में चरण-पादुकाएं नहीं बल्कि बैशाखियाँ इस्तेमाल की जा रही हैं। नयी सरकार आजकल में वजूद में आ जाएगी। मजे की बात ये है कि ये सरकार भले ही अकेले भाजपा या मोदी की सरकार नहीं है लेकिन इसका झंडा-मंडा पहले की ही तरह किया जाने वाला है। यानि कि नए पंत प्रधान के रूप में जो भी शपथ लेगा पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ लेगा ताकि चेहरे पर पड़ी शिकन किसी को नजर न आए। पूरी दुनिया की तरह हम भी देश की भावी बैशाखी सरकार के नेताओं और भावी पंत प्रधान को अपनी शुभकामनाएं देते हैं कि वे पूरे पांच साल अबाध सत्ता में रहकर जनता की सेवा करें। लेकिन हमारी शुभकामनाओं से क्या होना जाना है। होगा तो वो ही जो राम जी ने रच रखा है। राम जी की लिखावट हम जैसे आम लोग कैसे समझ सकते हैं ? राम जी की लिखावट तो उन्हें अयोध्या लाने का दम्भ दिखाने वाले लोग ही नहीं पढ़ पाए और ठीक नए मंदिर के आसपास ही जीत का परचम नहीं फहरा पाए।

देश में गठबंधन की सरकार कोई पहली बार नहीं बन रही है। देश के पास इसका पर्याप्त तजुर्बा है, लेकिन जनता के पास भी इस बात का खासा तजुर्बा है कि गठबंधन की सरकारें कैसे काम करती हैं और उनकी उम्र कितनी होती है ? गठबंधन की सरकार कायदे से जनता की सरकार होती है क्योंकि इसमें एक नहीं बल्कि अनेक दल शामिल होते हैं, लेकिन गठबंधन की सरकार चलाना आसान नहीं होता। कुछ नेता इसमें कामयाब होते हैं तो कुछ नहीं। गठबंधन की सरकार कि ऊपर हमेशा अनिश्चय कि बादल मंडराते रहते हैं। ये कब गरजें और कब बरस जाएँ कोई नहीं जानता।

बहुत पीछे न भी जाएँ तो देश में आपातकाल के बाद बनी गठबंधन की सरकार ढाई साल में ही अपने ही बोझ से गिर गयी थी। जनता ने जिस कथित तानाशाही कि खिलाफ जनादेश देकर गठबंधन की सरकार बनाने का रास्ता दिया था उसी जनता ने ढाई साल बाद गठबंधन में शामिल दलों और उसके नेताओं को धूल भी चटा दी थी। अटल बिहारी बाजपेयी और डॉ मन मोहन सिंह जैसे बिरले ही नेता हुए जिन्होंने ढंग से गठबंधन की सरकार को चलाया। डॉ मन मोहन सिंह ने तो पांच नहीं बल्कि दस साल तक गठबंधन की सरकार चलाई। 2024 में भी जनादेश भाजपा सरकार की तानाशाही कि खिलाफ आया है लेकिन संयोग से जनता ने पार्टी को तो सत्ता से हटा दिया लेकिन जिस व्यक्ति को लेकर आक्रोश था वो नया चेहरा लगाकर बैशाखियों कि सहारे फिर सत्ता के शीर्ष पर है। चूंकि ये नई सरकार बैशाखियों के सहारे चलने वाली सरकार है इसलिए इस बार तानाशाही के सर उठाने के अवसर तो कम आएंगे, लेकिन कहते हैं कि चोर चोरी छोड़ सकता है हेराफेरी नहीं, इसलिए ये सरकार कब गिर जाये, कोई नहीं जानता। खुद भाजपा और टीडीपी तथा जेडीयू को भी इसका पता नहीं है। नयी सरकार की उम्र देशकाल तथा परिस्थितियां तय करेंगी। नयी सरकार का एजेंडा भी पहले की तरह हिंदुत्व, सनातन, एक राष्ट्र-एक चुनाव या सीएए जैसे मुद्दों को लेकर विवादास्पद नहीं होगा। नई सरकार तीन बड़े और बाकी के छोटे दलों की मंशा के अनुरूप साझा कार्यक्रम [ कॉमन मिनिमम प्रोग्राम ] और एजेंडे के अनुरूप चलेगी। नए पंत प्रधान में इतनी कूबत नहीं है कि वो परदे के पीछे से अपना एजेंडा चला सकें।

# बंगाल में राज्य प्रायोजित हिंसा एक बदनुमा दाग

-ललित गर्ग-



लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, लोगों में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव बाद की हिंसा पर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई एवं ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई। चुनाव के बाद एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार दौरान तृणमूल कांग्रेस ने व्यापक हिंसा, आतंक एवं अराजकता का माहौल बनाया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह के हिंसक हमले कर रहे हैं, वह लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। ममता बनर्जी ने चुनाव के महापर्व को हिंसक बना दिया था, उसने एवं उसके कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से, हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों-भगवानों-संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाया है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने ह्यआतंक का राजह्न फैला दिया है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां व्यापक हिंसा हो रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस हिंसा को कितने नियोजित ढंग से अंजाम दे रही है। इस हिंसा एवं अराजकता के बढ़ने के प्रबल आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई, पूर्व के अन्य चुनावों में भी हिंसा का बोलबाला रहा है। ऐसी स्थितियों में बंगाल में लोकतंत्र की भावना एवं मयार्दा का खुला हनन हो रहा है। इतनी व्यापक हिंसा बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने एवं उसके सहयोग के बिना अंसभव है। इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। पूर्व की हिंसा एवं आतंक के समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करते हुए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इन जटिल होती स्थितियों को देखते हुए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार के लिये लज्जाजनक है।

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनजम की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। चुनावों में जितनी हिंसा बंगाल में हुई, उतनी अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिली। बंगाल का लोकतंत्र तानाशाही मानसिकता से गुजर रहा है। इन स्थितियों से तो यही लगता है कि राजनीतिक वोट बैंक के लिए ममता संविधान एवं सुरक्षा-व्यवस्था की जितनी अवमानना कर सकती है, उसने की है और आगे भी वह करती रहेगी। चुनावों में ऐसी हिंसक एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियां लोकतंत्र पर एक धुंधलका है, जिस पर नियंत्रण जरूरी है।

लोकसभा चुनाव में जिन राज्यों के परिणामों ने पूरे देश को चौंकाया है उनमें पश्चिम बंगाल भी शुमार है। पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम इसलिये भी आश्चर्य में डाल रहे हैं कि वहां तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ व्यापक नाराजगी थी, ममता सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों पर घोटाले के आरोप लगे थे, संदेशखाली की महिलाओं पर हुआ अत्याचार देश भर में बड़ा मुद्दा बन गया था, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के इर्दगिर्द ईडी का शिकंजा कसा हुआ था, ममता बनर्जी को सनातन विरोधी बताया जा रहा था, तृणमूल कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने चुनावों से ऐन पहले पाला बदल लिया था, तृणमूल कांग्रेस पर हिंसक एवं अराजक होने का तगमा लगा था, बावजूद ममता जीती। देखा जाये तो ममता बनर्जी की छवि जुझारू एवं कद्दावर नेता की रही है और वह अपनी पार्टी को जिताने के लिए जी-जान लगा देती हैं। चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर होने वाले राजनीतिक हमलों को वह अपने पक्ष में मोड़ लेने में माहिर हैं। इसके अलावा, इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं ने विभिन्न राज्यों में सीटों का बंटवारा कर आपस में समन्वय बनाकर चुनाव लड़ा लेकिन ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले ही सारी चुनौती झेली। वह अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है?

ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। मुद्दा चाहे रामनवमी पर हिंसा का हो या संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ अत्याचारों का या साधु-संतों को डराने-धमकाने का। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर-कानूनी एवं राष्ट्र-विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं-- देश को नहीं। दुनिया के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। बंगाल में आम जनजीवन की सार्थकता ही नष्ट हो रही है।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं समाजसेवी**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

# समुद्री जीवन बचाने की सार्थक पहल

- अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

यह सुखद है कि गत वर्ष 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीट्री के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है। लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रुप देने की कवायद तेज हो गई है लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है।

उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरूआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गयी। 1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गयी है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है।

उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्त्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्त्रोत मौजूद हो। अंदरुनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्त्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं।

# 'लो अब कर लो भाजपा मुट्ठी में'

@ राकेश अचल

वर्षों पहले अम्बानी परिवार ने अपने एक उत्पाद की बिक्री के लिए एक स्लोगन दिया था 'कर लो दुनिया मुट्ठी में'। आज यही स्लोगन नयी शक्ल में देश की सियासत के सामने है। वक्त देश के तमाम छोटे दलों का आव्हान कर रहा है कि -'कर लो भाजपा मुट्ठी में'। यकीनन अगले दो दिनों में जो भी क्षेत्रीय दल भाजपा को अपनी मुट्ठी में करना चाहेगा, कर लेगा। इस समय भाजपा 02 से 303 तक पहुँचने के बाद पिछले 44 साल में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। मजे की बात ये है कि भाजपा आज भी सबसे बड़ा दल होने के बावजूद असहाय है, लाचार है और अपने सहयोगी दलों के सामने चिरोरियाँ करती नजर आ रही है।

वैचारिक रूप से देश में भाजपा का प्रसार होता तो अलग बात थी। पिछले एक दशक में भाजपा का प्रसार धर्मान्धता, साम्प्रदायिकता और विषवमन की वजह से हुआ। केवल गोबर पट्टी में ही नहीं भाजपा सुदूर पूरब और समुद्रतटीय प्रदेशों तक भी पहुंची। इस बार तो उसने भगवान जगन्नाथ के ओडिशा को भी हथिया लिया। जैसे एक जमाने में 1977 में मार्क्सवादियों ने बंगाल में कांग्रेस से और फिर 2011 में तृमूकां ने वामपंथियों से सत्ता छीनी थी। इसी तर्ज पर भाजपा ने 24 साल के लम्बे बीजद शासन को धूल चटा दी। गंगापुत्र नरेंद्र मोदी का जादू भले ही उत्तर प्रदेश में नहीं चला लेकिन ओडिशा को उन्होंने जीता। मोदी ओडिशा जीतकर भी देश में हार गए। देश की जनता ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिय। न भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन को 400 पार कराया और न भाजपा को 370 का लक्ष्य हासिल करने दिया, 240 पर लाकर खड़ा कर दिया।

आंकड़ों के लिहाज से देखें तो भाजपा आज भी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, लेकिन हकीकत में देखें तो भाजपा 240 सीटें जीतने के बाद भी बुरी तरह हार गयी है। उसे अब मजबूरी में भाजपा और मोदी के बजाय गठबंधन की सरकार चलाना पड़ेगी। उस गठबंधन की जिसकी न कोई सूरत है और न सीरत। भाजपा ने पूरे चुनाव में अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ चाकरों जैसा व्यवहार किया, लेकिन कहते हैं न कि समय बड़ा बलवान होता है। वे सभी चाकर अब भाजपा के मालिक बन गए है। टीडीपी हो या जेडीयू, इनके बिना भाजपा के सिर पर सत्ता का सेहरा नहीं बंध सकता।

वर्ष 2014 में भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री पद के लिए प्रक्षेपित नरेंद्र दामोदर दस मोदी इस समय बंधुआ



प्रधानमंत्री के रूपमें 9 जून को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। बहुत से लोगों को शायद पाए नहीं होगा की संख्या बल के हिसाब से भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन के सदस्यों की संख्या कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन के मुकाबले कहीं ज्यादा है, लेकिन एक हकीकत ये भी है कि भाजपा गठबंधन में शामिल 23 दलों को इस चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली है। यानि इन तमाम दलों के नेता केवल कागजी शेर है। असली तो वे हैं जिनके पास कम से कम 5 सीटें हैं। इनमें स्वर्गीय रामविलास पासवान के चश्मों चिराग चिराग पासवान का दल भी शामिल है। अपने पितृतुल्य चाचा को दगा देकर एनसीपी को दो फाड़ करने वाले 70 हजार करोड़ के घोटाले के आरोपी अजित पंवार की एनसीपी को भी मात्र 1 सीट मिली। मोदी केबिनेट के विदोषक रामदास अठावले भी इस बार चुनाव हार गए।

देश के स्वयम्भू विश्वगुरु बने नरेंद्र मोदी के लिए कितनी विषम परिस्थिति है कि पिछले एक दशक में जहाँ उन्होंने अपनी पूरी केबिनेट को अपनी मुट्ठी में कर रखा था। उन्हीं मोदी जी को अब टीडीपी, जेडीयू और एकनाथ शिंदे, चिराग पासवान जैसों की मुट्ठी में सिसकना पडेगा। मोदी जी ने अपने सहयोगी दलों में से यदि किसी को भी आँखें दिखने की कोशिश की तो उसी दिन उनकी कुर्सी डगमगा जाएगी। वे अब तक बाहुबली मदारी थे। सबको उन्होंने जमूरा बना रखा था, लेकिन अब पहला मौका है जब उन्हें जमूरों के बजाय खुद रस्सी पर चलकर दिखाना पडेगा। यानि अब सत्ता संतुलन का खेल बनकर रह गयी है। लेकिन मोदी जी की विवशता ये है कि वे सरकार को छोड़ नहीं सकते। वे कुर्सी के लिए सहयोगी दलों को चिमटे के बजाय दांतों से पकड़कर रखने के लिए मजबूर हैं। गठबंधन की सरकार चलाना हिकमत अमली और बुद्धि चातुर्य का काम है। मोदी जी से पहले पीव्ही नरसिम्हाराव, अटल बिहारी बाजपेयी और डॉ मन मोहन सिंह भी गठबंधन की सरकारें कामयाबी के साथ चला चुके है। लेकिन मोरार जी भाई देसाई के हिस्से में ये सफलता नहीं आयी। चंद्रशेखर और चौधरी चरण सिंह के हिस्से में ये सफलता नहीं आयी। मोदी जी के हिस्से में आ जाये तो भगवान का लाख-लाख शुक्र कहियेगा। क्योंकि मोदी में न मोरारजी भाई हैं, न अटल बिहारी और न मन मोहन सिंह। मोदी जी में सिर्फ मोदी जी हैं, जो इस चुनाव में बेनकाब हो चुके है। वो तो भला हो बसपा का जो उसने मोदी जी को पराजित होने से बचा लिया। बसपा प्रत्याशी यदि काशी में 3 लाख से ज्यादा वोट न खींचता तो मोदी जी कम से कम दो लाख वोटों से पराजित हो जाते। बसपा को मोदी जी को जिताने की बहुत बड़ी कीमत अदा करना पड़ी।

मुझे, संघ को और उनके गठबंधन में शामिल दलों को माननीय मोदी जी की असीमित क्षमताओं को लेकर कोई संदेह नहीं है। वे कुछ भी कर गुजर सकते हैं। वे बैशाखियाँ लगाकर चल भी सकते हैं और दौड़ भी सकते है। जरूरत पड़े तो इन बैशाखियों को तोड़ भी सकते हैं। वे बिना बैशाखियों के चलने का जोखिम भी ले सकते हैं। आप इस गफलत में न रहें कि उनके पास कोई प्रमोद महाजन नहीं है। मोदी जी के पास हनुमान के रूप में अमित शाह है। आप उन्हें थैली शाह भी कह सकते हैं। उनकी थैली में इलेक्टोरल बांड का अकूत धन अब भी है। माननीय बड़ी अदालत ने इस धन को भले ही असंवैधानिक घोषित किया हो लेकिन उसे न जब्त किया है और न भाजपा के खाते सीज किये हैं। इसी धन के बूते भाजपा अभी अनेक जोखिम ले सकती है। यूपीए गठबंधन की कमजोर कड़ियों को तोड़ने की कोशिश करने में भाजपा को कोई गुरेज नहीं है।

देश के लिए अगले 48 घंटे और भारी हैं। ये 48 घंटे बीत जाएँ फिर आप और हम ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया माननीय मोदी जी नए संसद भवन की देहलीज पर साष्टांग करते देख सकेंगे। अभी हताश गोदी मीडिया के तेवर भी पूरी तरह बदले नहीं हैं। गोदी मीडिया अभी भी गागरोनी गा रहा है। उसकी आँखें अभी खुली नहीं हैं। खुलना भी नहीं हैं। बीमारी लाइलाज जो हो चुकी है। लेकिन आप अपनी आँखें खोलकर रखिये, क्योंकि खेला जारी है।

# वृक्षारोपण का लक्ष्य 7220520 है, विभाग बनायें कार्य योजनाः डीएम

### गंगा समिति-पर्यावरण-वृक्षारोपण को हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला गंगा समिति, पर्यावरण व वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, बीडीओ, ईओ मानिकपुर व वन विभाग मानिकपुर को निर्देश दिये कि बाल्मीकि आश्रम में हफ्ते में टोली बनाकर साफ-सफाई करायें।

शुक्रवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि पालीथिन के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंधित करायें। धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई अच्छे से हो। मंदाकिनी नदी में मिलने वाली छोटी-छोटी सहायक नदियों की सफाई बाबत कहा कि बरसात से पहले सफाई करायें। फोटोग्राफ्स भी भेजें। मंदाकिनी नदी की भी सफाई करायें। आश्रम में होने वाले भंडारों बाबत कहा कि ऋषि-मुनियों से मिलकर कहें कि भंडारा बाद कचरा गड्ढे में ढकें। ग्राम समूह की महिलाओं से कागज के पैकेट बनवाकर उपयोग में लायें। नगर पालिका कर्वी को निर्देश दिये कि पर्यटक स्थल रामघाट, परिक्रमा मार्ग पर फोकस कर पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाकर जुर्माना लगायें। ये भी निर्देश दिये कि पॉलीथिन का प्रयोग न करने व कागज के पैकेट के उपयोग के बारे में बतायें।

उन्होंने कहा कि ग्राम समूह की महिलाओं को प्रेरित करें कि दोना-पत्तल के कार्य में प्रगति लगायें, ताकि पर्यावरण संरक्षित किया जा सके। डीएफओ को निर्देश दिये कि कामदगिरि पर्वत की पॉलिथीन साफ-सफाई अभियान चलाकर करायें। निर्देश दिये कि कुछ समूह के स्वयंसेवियों को भी जोड़े, ताकि सफाई हो सके। उन्होंने ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि धार्मिक स्थलों के पास नदी किनारे कचरे के लिए कुंड बनायें, ताकि कचरा का उपयोग हो सके। वृक्षारोपण बाबत कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा अनुसार प्रदेश की हरियाली व बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने को प्रदेश सरकार के हरियाली आन्दोलन से वृक्षारोपण को बढ़ावा दें। राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान्य खासतौर पर महिलाओं, विद्यार्थियों, किसानों, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित व पूर्व सैनिकों, समाज के अल्प आय वाले लोगों व वनों के पास के ग्रामीणों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्य जन सहभागिता से चलायें। जिले में विभागवार वृक्षारोपण का लक्ष्य 7220520 है। बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की कमी से जो वृक्ष की प्रजातियां होती हैं, उस पर फोकस करें।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

सभी विभागों को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण की तैयारी करें। जिन विभागों ने कार्य योजना नहीं बनाई, तुरंत बनाकर डीएफओ को दें। वृक्षारोपण में अधिक से अधिक सरकारी भूमि चिन्हित कर पौधरोपण करायें। सभी बीडीओ को निर्देश दिये कि पेड़ों की रक्षा को बाउंड्री/फेंसिंग करायें। पर्यावरण अधिकारी को निर्देश दिये कि जिला खनिज अधिकारी से तालमेल कर क्रेशर मशीन के आसपास वृक्षारोपण करायें। नगर पंचायत के ईओ को निर्देश दिये कि भूमि चिन्हित कर नगर क्षेत्र को वन के रूप में विकसित करें। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि नगर में तीन, मऊ-मानिकपुर में एक व राजापुर में दो नगर वन विकसित करें। उन्होंने लोनिवि को निर्देश दिये कि देवांगना एयरपोर्ट से लेकर पटेल तिराहा तक सडक किनारे पटरी विकसित कर पौधे लगायें। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र समेत खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## 24 घंटे में विद्युत आपूर्ति न सुधरी तो होगा आन्दोलनः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा से सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में अंधाधुन्ध हो रही विद्युत कटौती को लेकर जिलाधिकारी समेत अधीक्षण अभियंता को लिखे पत्र में चेताया है कि 24 घंटे में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार न होने पर वे सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे।

शुक्रवार को सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी समेत अधीक्षण अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि एक सप्ताह से लगातार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का भारी संकट है। दिन में दो से चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। पूरी रात बिजली गुल रहती है। विद्युत कटौती समस्या से जिले की जनता में आक्रोश है। बिजली संकट से ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी गयी, गंभीरता से नहीं लिया।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

विभागीय अधिकारी जनता के फोन नहीं उठाते, न ही जनप्रतिनिधियों के। इस भीषण गर्मी में पहले से तैयारी क्यों नहीं की गयी। जान-बूझकर जनता को बरगलाया जा रहा है। जनता को मजबूर किया जा रहा है कि वे आन्दोलन को बाध्य हों। जिले के अवर अभियंता व संविदा कर्मी वसूली में लगे हैं। मनमानी ढंग से काम कर रहे हैं। चेताया कि 24 घंटे में बिजली व्यवस्था सुचारू न हुई तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

### योजना लाभ को पांच जुलाई तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग केंद्र एसके केसरवानी ने बताया कि प्रदेश शासन ने एक जनपद एक उत्पाद के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कुशल/अकुशल कारीगरों व हस्तशिल्पियों के कौशल उन्नयन को प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना लागू की है। जिले में एक जनपद एक उत्पाद के तहत काष्ठकला उत्पाद/वुडेन गुड्स/लकड़ी के खिलौने का चयन हुआ है। योजना में ऑनलाइन आवेदन को चित्रकूट का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 वर्ष व शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। योजना के तहत मानदंडों को पूरा करने की बाबत शपथ पत्र पेश करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि पांच जुलाई निर्धारित है। अधिक जानकारी को कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### भूमिधरी पर स्कूल बनने से न रोका तो पीडित करेगा अनशन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाने के बछरन गांव के अनुरुद्ध प्रताप सिंह पुत्र रामलखन ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उसके गाटा संख्या 998 रकबा 0.35 हे में एसडीएम राजापुर व बीएसए जबरियां स्कूल निर्माण कर रहे हैं। पीडित ने तत्काल निर्माण कार्य रोकने की मांग की है। शुक्रवार को पहाडी थाने के बछरन गांव के अनुरुद्ध प्रताप सिंह पुत्र रामलखन ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उसने राजापुर एसडीएम व चकबन्दी अधिकारी से शिकायत की थी। बीएसए उसकी भूमिधरी पर जबरियां निर्माण कार्य करा रहे हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी निर्माण कार्य नहीं रोका जा रहा। एसडीएम राजापुर ने फोन से कहा कि विद्यालय के बदले जमीन नहीं देंगे, जो समझ में आये कर लो। ज्यादा शिकायत करोगे तो फर्जी मामले में फंसवा देंगे। पीडित खासा आहत है। पीडित ने कहा कि उसके पत्र का निस्तारण न होने पर वह दस जून से जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अनशन पर बैठने को मजबूर होगा।

## सदगुरु प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

### 15 टीमों के बीच एक माह चला मैच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदगुरु शिक्षा समिति से संचालित सदगुरु पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में सदगुरु मित्र मण्डल ने सदगुरु प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-14 के महा मुकाबले का समापन हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में ट्रस्ट से संचालित विभिन्न विभागों की 15 टीमों ने हिस्सा लिया।

शुक्रवार को सद्गुरु प्रीमियर लीग सीजन 14 के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डा प्रकाश डी शाह व धर्म पत्नी सोना शाह ने मैच शुभारंभ कराया। खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उत्साहवर्धन किया। ट्रस्टी डॉ बीके जैन, शिक्षा समिति अध्यक्षा श्रीमती उषा जैन, ट्रस्टी डा इलेश जैन व समस्त प्राचार्यों ने पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर फाइनल का शुभारम्भ किया।



खुशी मनाती विजेता टीम।

टीम एसआईसी एस सुपर किंग ने 35 रनों से जेके सी स्टार इलेवन को फाइनल में हराया। समापन पुरस्कार विजेता टीम व क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समारोह में डॉ बीके जैन, उषा जैन, डॉ बीके अग्रवाल, डॉ पूनम आडवानी, डॉ दीपक शर्मा, अनुभा अग्रवाल, प्राचार्य सुरेन्द्र तिवारी, राकेश तिवारी, शंकरदयाल पाण्डेय, दीपक वानी, फिरोज खान, रेफरी तुषारकांत शास्त्री, धीरेन्द्र वर्मा, रोशन सेन, विनोद पाण्डेय, राजकुमार समेत सदगुरु शिक्षा समिति से संचालित विद्यालयों के छात्र-छात्रायें व सदगुरू परिवार के लोग मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख तो नहीं हैं भाजपा प्रत्याशी की पराजय के कारण?

### सरकार की जमकर कर रहे छवि धूमिल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल भाजपा की प्रदेश में करारी हार के पीछे कई अहम कारण देखने को मिले हैं। पार्टी पदाधिकारियों व नेताओं की गुटबाजी ने भाजपा की लुटिया डुबोने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पार्टी के ज्यादातर प्रत्याशियों को करारी हार का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को सरसरीतौर पर किये सर्वे में ये खुलासा हुआ। बताया गया कि भाजपा के 400 पार के नारे को जनता ने शुरू से ही खोखला बताना शुरू कर दिया था। पार्टी को सबसे ज्यादा क्षति उप्र में हुई। जहां 400 पार का नारा लगाने वाली भाजपा को 40 सीटें भी नहीं मिलीं। ये नारा भाजपा का शुरू से ही खोखला नजर आ रहा था। लोगों ने इसे मजाक के तौर पर लिया। जिले में पांच ब्लाक के पांच भाजपा के प्रमुख हैं। ये प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्यों को तवज्जो नहीं देते। चहेते ठेकेदारों को कार्य देकर मनमानी ढंग से सरकारी धन का बंदरबांट करवाते हैं। सदर ब्लाक कर्वी में गोमती देवी क्षेत्र पंचायत प्रमुख हैं, जो क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कार्य न देकर चहेते ठेकेदारों से विकास कार्य करवाते हैं। मनमानी ढंग से सरकारी धन की लूट करवाते हैं। पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को तवज्जो नहीं देते। क्षेत्र पंचायत सदस्यों में आक्रोश है। इनकी मनमानी भी देखने को मिल रही है। कमीशनखोरी से सरकारी नियम-कानून दरकिनार हैं। रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा जिले के चर्चित ब्लाक प्रमुख हैं। यहां भ्रष्टाचार के कारनामे आये दिन देखने-सुनने को मिलते हैं। इस ब्लाक में ठेकेदारों की मनमानी चरम पर रहती थी, बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने कुछ अंकुश लगाया है। मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा की कार्यशैली क्षेत्र समेत जिले में चर्चित है। ये भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कार्य न देकर चहेते ठेकेदारों व सगे-संबंधियों से कार्य करा रहे हैं। मनमानी ढंग से चहेती फर्मों को भुगतान करवा रहे हैं। ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा की दबंगई चर्चा का विषय है। प्रमुख ने प्रधानों-सचिवों पर दबाव बनाकर कार्य करवाते हैं। मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी अनुसूचित जाति की इकलौती प्रमुख हैं, जो निर्विरोध चुनी गई हैं। ये भी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कार्य न देकर चहेते ठेकेदारों से कार्य करा रही हैं। ठेकेदार गुणवत्ताविहीन कार्य कर सरकारी धन को मनमानी ढंग से ठिकाने लगा रहे हैं।

क्षेत्र पंचायत में इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप रीबोर व नाला/नाली निर्माण समेत अन्य कार्यों की गुणवत्ता की जांच हो तो भ्रष्टाचार का खुलासा हो जाये। ब्लाक प्रमुखों ने पद व रसूख का लाभ उठाते हुए मनमानी ढंग से विकास कार्य कराये हैं, जो गुणवत्ताविहीन हैं।

सत्ताधारी होने से आम जनता विरोध में आवाज नहीं उठाती, लेकिन लोकसभा चुनाव में आम जनता ने प्रमुखों की कार्यशैली व दबंगई का करारा जवाब दिया है। सत्ताधारी दल के प्रत्याशी को प्रमुखों की मनमानी का शिकार होना पडा है। संसदीय क्षेत्र में जिले की दोनों विधानसभाओं में भाजपा को करारी शिकस्त मिली है। जिले के पांचों ब्लाकों में भाजपा के ही ब्लाक प्रमुख हैं। इनकी कार्यशैली से न बीडीसी खुश हैं और न आम जनता। नतीजतन भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने पार्टी व संगठन पदाधिकारियों व जिम्मेदारों के खुले विरोध का आरोप लगाया है, ये काफी हद तक सही है। गुटबाजी के चलते सत्ताधारी दल के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को पराजय का सामना करना पड़ा है। देखना है कि क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की सरकार जांच कराकर कार्यवाही करती है या नहीं?

## 31 अगस्त तक धारा 144 लागूः एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट उमेश चन्द्र निगम ने जिलाधिकारी के हवाले से बताया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय व इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्नातक व परास्नातक तथा आईटीआई व पॉलिटेक्निक विद्यालयों डिप्लोमा बाबत प्रवेश की विभिन्न परीक्षायें निर्धारित तिथियों में हो रही हैं। परीक्षा केन्द्रों के आसपास सौ मीटर के दायरे में धारा 144 लगाने के शासन से निर्देश मिले हैं। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी व हीटवेब के समय अराजकतत्व व लोगों की असावधानी से रिहायसी मकानों व जंगलों में आग लगने की घटनायें हो रही हैं। जंगली पेड़-पौधे, जानवरों व पालतू पशुओं व जनहानि की स्थितियां पैदा हो रही है। माह जून, जुलाई, अगस्त के बीच ईदुज्जुहा (बकरीद), मुहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबन्धन, श्रीकृष्ण जमाष्टमी के पर्व भी पड रहे हैं। पर्वों व परीक्षाओं पर कुछ असामाजिक तत्व व आपराधिक/शरारती/आंतकवादी अराजकतत्व जिले में शान्ति व कानून व्यवस्था प्रभावित/दूषित करने की कुचेष्टा कर सकते हैं। जून-अगस्त के बीच होने वाली परीक्षाओं व राष्ट्रीय पर्वों के मद्देनजर 31 अगस्त तक धारा 144 लागू करने के आदेश जारी करते हैं।

## दीवान पर अराजकतत्वों ने किया पथराव

### मामला दर्ज, जल्द गिरफ्तार होंगे हमलावर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में तैनात दीवान पर अराजकतत्वों ने हमला बोल दिया। हमलावर बाइक छोडकर फरार हो गये। दीवान ने कर्वी कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ये घटना शुक्रवार को कर्वी बस स्टैण्ड पर अपरान्ह दो बजे के बाद हुई। बताया गया कि चित्रकूट पुलिस लाइन में तैनात दीवान शाकिर हुसैन हवालात ड्यूटी के बाद कार से जा रहे थे। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के झांसी- मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग धनुष चैराहे के पास खुली जूस की दुकान में वह जूस पीने लगे। अचानक कुछ अराजकतत्व बाइक से वहां आ गये। उन्होंने दीवान पर पथराव कर दिया। अचानक हमले से बदहवास दीवान गाडी के अन्दर बैठ गये। हमलावरों ने गाडी में भी पथराव किया। पत्थर लगने से गाडी क्षतिग्रस्त हो गयी। हमलावर बाइक से भागने लगे तो दीवान ने पीछा किया तो हडबडी में हमलावरों की बाइक सडक पर गिर गई। हमलावर बाइक छोडकर मौके से भाग गये। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस पहुंची। बाइक को कब्जे में ले लिया। दीवान की तहरीर कर्वी कोतवाली में मामला दर्ज किया। इस बाबत कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज हो रही है। जल्द हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने मप्र बोर्ड से कक्षा बारहवीं की परीक्षा में कला, विज्ञान, वाणिज्य व कृषि में चित्रकूट कस्बे के विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले 50 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व शिक्षकों, अभिभावकों तथा ग्रामोदय परिवार की मौजूदगी में सम्मानित किया।

गुरुवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के विद्यालयों के प्राचार्यो को सम्मानित किया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की प्रेरणा से प्रतिभा सम्मान समारोह में चित्रकूट कस्बे के सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय, कामता हायर सेकेण्डरी स्कूल, संतोषी अखाड़ा हायर सेकेण्डरी स्कूल, एपीएस स्कूल, विद्याधाम, एकलव्य विद्यालय रहें। समारोह की अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो शशिकांत त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा के निर्देश पर प्रतिभा सम्मान किया जा रहा है। समारोह संयोजन/संचालन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के उपनिदेशक डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला ने किया। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद रहे।



छात्रों को सम्मानित करते अतिथि।

## पर्यटकों की होगी एक से तीस जून तक गणना

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय व प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों व महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर भ्रमण को आने वाले घरेलू पर्यटक व विदेशी पर्यटक की संख्या एकत्रीकरण बाबत सर्वेक्षण कार्य एक से तीस जून तक होना है। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में पहली बार पर्यटन उद्योग होटल, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे, पेइंग गेस्ट व ढाबे आदि के योगदान को सर्वे कराया जा रहा है। पहला चरण एक जून से शुरू होगा।

## बीज शोधन के कृषि अधिकारी ने बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी आरपी शुक्ल ने किसानों से कहा कि खरीफ फसलों की बुआई में बीज शोधन पर विशेष ध्यान दें। फसलों को रोगों से बचाने को संक्रमण बीज या भूमि अथवा दोनों से होता है। रोग फफूंदी व जीवाणु बीज में लिपटे रहते हैं या भूमि में पड़े रहते हैं। बीज की सतह पर या बीज के अन्दर होते हैं। रोगों से बचाव को बोने से पहले बीज में रसायनों का मिलाना बीज शोधन कहलाता है। किसानों को कीट व बीमारियों से बचाव को बुवाई से पहले शत-प्रतिशत बीज का उपचार करना चाहिए। बीज शोधन दो प्रकार से होता है। रसायनिक विधि थीरम 2.5 ग्राम प्रति किग्रा बीज या कार्बेन्डाजिम दो ग्राम प्रति किग्रा बीज में मिलाकर किसी खाली घड़े या बर्तन में डालकर दवा व बीज आपस में मिलाकर फिर बुआई करते हैं। जैविक विधि ट्राइकोडर्मा स्पोर पांच ग्राम प्रति किग्रा की दर से मिलाकर पानी के हल्के छीटें डालकर मिला लेते हैं। फिर अगले दिन बुआई करते हैं। उन्होंने बीज शोधन के लाभ बताये। इससे उत्पादकता बढ़ती है। बीज शोधन में रसायनिक विधि में रसायनों की निर्धारित मात्रा ही प्रयोग करनी चाहिये। जैव बीज शोधन के बाद बीजों को सूरज की गर्मी व धूप से बचाना चाहिये।

# जर्मनी में क्यों बढ़ रही हैं विनाशकारी बाढ़ की घटनाएं



**जर्मनी** के दक्षिणी इलाकों में कई दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से बांध टूट गए. शहरों में बाढ़ आ गई. पिछले कुछ वर्षों में ऐसी स्थिति कई बार देखने को मिली है. क्या अब जर्मनी में भयंकर बाढ़ आना सामान्य बात हो गई है? जर्मनी के दक्षिणी इलाकों में लोगों को मजबूरन अपने घर खाली करने पड़े हैं और कई जगहों पर आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है. बीते सप्ताह इस क्षेत्र में भयंकर बाढ़ आई है.

दरअसल, यहां पिछले कई दिनों से मूसलधार बारिश हो रही थी. शुरूआती आकलन से पता चलता है कि कुछ स्थानों पर 24 घंटे में पूरे महीने के औसत से ज्यादा बारिश हुई. कई नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे कई शहर और गांव जलमग्न हो गए. खास तौर पर, बवेरिया और बाडेन बुटेमबर्ग राज्य इससे काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं. यह घटना देश के पश्चिमी भाग की आर घाटी में 2021 में आई भयावह बाढ़ के तीन वर्ष बाद घटी है. उस समय बाढ़ की वजह से 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और अरबों यूरो का नुकसान हुआ था.

क्या जर्मनी में बदतर हो रही है बाढ़ की स्थिति पूर्वी जर्मनी स्थित लाइपजिग यूनिवर्सिटी में मौसम वैज्ञानिक योहानस क्वास कहते हैं कि जर्मनी में लगातार बाढ़ नहीं आ रही है, लेकिन जब भी बाढ़ आती है, वह काफी ज्यादा विनाशकारी होती है. जर्मन मौसम सेवा के मुताबिक, 1881 के बाद से जर्मनी में सालाना होने वाली औसत बारिश में आठ फीसदी का इजाफा हुआ है. भविष्य में इसमें और छह फीसदी की वृद्धि का अनुमान है.

क्वास का कहना है कि जर्मनी में पिछले 100 सालों के दौरान भारी बारिश होने की दर काफी ज्यादा बढ़ गई है. 19वीं सदी के मुकाबले अब मूसलधार बारिश 15 फीसदी ज्यादा हो रही है. करीब 40 साल पहले से तुलना करें, तो यह वृद्धि अब 10 फीसदी ज्यादा है. सिर्फ पिछले साल ही जर्मनी में औसत बारिश 1991-2020 में हुई औसत बारिश की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा थी.

सबसे अहम बात है कि बदलाव सिर्फ जर्मनी तक सीमित नहीं है. यूरोपीय संघ के अर्थ ऑब्जर्वेशन प्रोग्राम कॉपरनिकस के मुताबिक, पिछले साल यूरोप में औसतन सात फीसदी ज्यादा बारिश हुई थी. इसकी वजह से यूरोप के कई इलाकों में बाढ़ आई और करीब 16 लाख लोग प्रभावित हुए थे.

2023 में यूरोप की एक तिहाई नदियों में पानी का बहाव 'खतरे' के निशान से ऊपर चला गया था और 16 फीसदी नदियों में पानी का बहाव खतरे के निशान से 'बहुत ज्यादा' ऊपर था. इसका मतलब है कि बाढ़ का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ गया था.

**जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसा हो रहा है?**

क्वास का मानना है कि जीवाश्म ईंधन के जलने से होने वाला जलवायु परिवर्तन, बाढ़ जैसी मौसमी घटनाओं को विनाशकारी बना रहा है. वह कहते हैं, "इसकी वजह यह है कि वातावरण में मौजूद नमी तापमान के साथ तेजी से बढ़ती है." जैसे-जैसे हवा गर्म होती है, उसमें नमी को सोखने की क्षमता भी बढ़ती है. हर एक डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर हवा सात फीसदी ज्यादा नमी सोख सकती है. धरती गर्म होने की वजह से जमीन और समंदर से पानी तेजी से भाप बनकर उड़ रहा है. इसकी वजह से भारी बारिश और तेज आंधी-तूफान जैसे चरम मौसम की घटनाएं बढ़ रही हैं.

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक, जर्मनी का सालाना औसत तापमान दुनिया के औसत तापमान से ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है. जर्मनी में पिछले सालों में औसत तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने फिल्म 'हमारे बारह' को दी सशर्त रिलीज की अनुमति




**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दो डायलॉग हटाने की शर्त पर फिल्म हमारे बारह को रिलीज करने की अनुमति दी है। अब इस फिल्म के रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। हाई कोर्ट ने फिल्म निमार्ता को दोनों विवादित डायलॉग को हटाने का आदेश दिया है।

फिल्म निमार्ता अन्नू कपूर की फिल्म ह्यहमारे बारहह्न का ट्रेलर देखने के बाद पुणे निवासी अजहर तंबोली ने फिल्म के दो डायलॉग पर आपत्ति दर्ज करवाई थी। साथ ही अजहर तंबोली ने हाई कोर्ट में याचिका भी दाखिल की थी। पिछली सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी थी। इसी मामले की आज सुनवाई के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने फिल्म निमार्ता को दोनों विवादित डायलॉग को हटाने का आदेश दिया, जिसे फिल्म निमार्ता के वकील ने तत्काल मान्य कर लिया।

इसके बाद कोर्ट ने इस फिल्म के रिलीज पर लगाई गई रोक को खत्म करके फिल्म को रिलीज करने की इजाजत दे दी।

इस फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद कई अल्पसंख्यक संगठनों और प्रतिनिधिमंडलों ने भी रिलीज रोकने की मांग की थी। फिल्म हमारे बारह की कहानी उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है और जनसंख्या वृद्धि के गंभीर मुद्दे और इसके बहुमुखी प्रभावों पर प्रकाश डालती है। अन्नू कपूर, मनोज जोशी, पार्थ समथान और परितोष त्रिपाठी अभिनीत फिल्म ने अपनी घोषणा के बाद से ही अपनी साहसिक कहानी और विचारोत्तेजक विषयों के लिए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

# नेपाल ने बांग्लादेशी सांसद की हत्या के आरोपित को भारत को सौंपा

**कोलकाता।** नेपाल ने कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपितों में से एक बांग्लादेशी नागरिक को भारत को प्रत्यर्पित किया है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सीआईडी के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, "सोमवार सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया।" सांसद की हत्या के बाद नेपाल भागे हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया था। 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता पहुंचे 56 वर्षीय अवामी लीग के सांसद अनार 17 मई से लापता थे। अनार की कथित तौर पर कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के एक आलीशान फ्लैट में हत्या कर दी गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक कसाई को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर बांग्लादेशी सांसद के शव को 80 टुकड़ों में काटा और उन्हें हल्दी के साथ मिला कर न्यू टाउन के आसपास एक नहर सहित विभिन्न स्थानों पर फेंक दिया। ऐसा संदेह है कि अनार के दोस्त और व्यापारिक साझेदार अख्तरुज्जमां, जो अब एक अमेरिकी नागरिक है, उसने हत्या की साजिश रची थी। हालांकि बांग्लादेश पुलिस हुसैन को अपनी हिरासत में लेना चाहती थी लेकिन उसे भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया क्योंकि वह भारत से आया था। उच्च पदस्थ पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि आरोपित को सड़क के रास्ते भारत लाया गया है। नेपाल पुलिस ने कहा कि नेपाल के इंटरपोल संगठन ने हुसैन की गिरफ्तारी के बारे में स्थानीय पुलिस को जानकारी नहीं दी। बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के तहत डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) के चार सदस्यों की एक टीम हुसैन को लेने के लिए काठमांडू आई थी। टीम ने नेपाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात की और उनसे हुसैन को निर्वासित करने का अनुरोध किया, लेकिन उनके अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया गया क्योंकि नेपाल की ढाका के साथ कोई प्रत्यर्पण संधि नहीं है। हालांकि भारत के हस्तक्षेप के बाद तुरंत उसे भारत के हवाले कर दिया गया।

# पाकिस्तान, पनामा, सोमालिया, डेनमार्क और यूनान बने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, यूनान और पनामा को गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य चुना गया। इन देशों का यूएनएससी में दो साल का कार्यकाल होगा, जो 2025 से शुरू होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन पांचों सदस्यों को गुप्त मतदान के जरिए एक जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2026 तक के कार्यकाल के लिए चुना गया है। गुप्त मतदान में अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीट में सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लातिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और यूनान को 182 वोट मिले। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, ह्यह्ययह गर्व की बात है कि पाकिस्तान को 182 मत मिले और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चुना गयाह्नह्न उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाते रहेंगे। गैर-स्थायी सदस्य के रूप में आठवीं बार चुने गए पाकिस्तान ने कहा कि वह ह्यह्यसंयुक्त राष्ट्र चार्टर को बरकरार रखने, युद्ध को रोकने एवं शांति को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण को आगे ले जाने, वैश्विक समृद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करने और मानवाधिकारों के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देना के लिए सुरक्षा परिषद के सदस्यों और संयुक्त राष्ट्र के अन्य सभी सदस्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सूडान की सेना और अर्धसैनिक बल के बीच भीषण संघर्ष में 100 की मौत

**काहिरा।** सूडान में पिछले कई वर्षों से अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) और सेना के बीच जारी लड़ाई के बीच बुधवार को एक ताजा घटनाक्रम में सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर हुए हमले में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। ताजा हमला अर्धसैनिक बल की तरफ से किया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

# जेलेंस्की ने मोदी को जीत की बधाई के साथ यूक्रेन के लिए किया आमंत्रित



**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को फोन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और आम चुनाव में जीत की बधाई देने के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर स्विट्जरलैंड में आगामी शांति समझौते पर चर्चा की। इसके साथ जेलेंसकी ने पीएम मोदी को यूक्रेन आने के लिए भी आमंत्रित किया। जेलेंस्की ने उम्मीद जताई कि समझौते में भारत अहम भूमिका निभाएगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने ह्यएक्सह्न पर कहा, मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात कर उन्हें चुनावों में मिली जीत पर बधाई दी। मैं उन्हें जल्द से जल्द सरकार के गठन तथा भारतीय जनता के लाभ के लिए निरंतर सकारात्मक कार्य करने की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, हमने आगामी वैश्विक शांति समझौते पर चर्चा की। हम भारत की अहम भूमिका पर भरोसा करते हैं। मैं प्रधानमंत्री मोदी को उचित समय पर यूक्रेन का दौरा करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

जेलेंस्की ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को संसदीय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन को लगातार तीसरी बार मिली जीत के लिए बधाई दी और कहा कि उन्हें अगले सप्ताह स्विट्जरलैंड में होने वाले शांति समझौते में भारत के शामिल होने की उम्मीद है।

जेलेंस्की ने दोहराया कि दुनिया में हर कोई वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका को जानता और पहचानता है। उन्होंने कहा, यह बेहद जरूरी है कि हम सभी मिलकर सभी देशों के लिए न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए काम करें। इस संबंध में हम भारत को शांति समझौते में शामिल हुए देखने के लिए भी उत्सुक हैं।

# गाजा में भीषण संघर्ष जारी, एक इजरायली सैनिक और 13 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा/यरूशलेम।** गाजा पट्टी में एक घर और युवाओं के एक समूह पर इजरायली बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों से ये जानकारी सामने आई है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि गुरुवार को इजरायली विमानों ने दक्षिणी गाजा में खान यूनिस शहर में एक घर पर मिसाइल से बमबारी की। हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

फिर एक ड्रोन ने उत्तरी गाजा में अल-शती शरणार्थी शिविर में युवाओं के एक समूह को निशाना बनाया। यहां ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई।

इस बीच, इजरायली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा में एक सुरंग शाफ्ट से निकले फिलिस्तीनी आतंकवादियों का इजरायली सैनिकों से सामना हुआ, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई। उसकी पहचान 34 वर्षीय जीद मजारिब के रूप में हुई है।

इससे पहले हमास की अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि उसने रफा के पास इजरायली बलों द्वारा बनाए गए सुरंग के प्रवेश द्वार को उड़ा दिया, जिसके अंदर पांच इजरायली सैनिक मारे गए।

इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 36,654 हो गई है, जबकि 83,309 लोग घायल हुए हैं।

इससे एक दिन पहले बुधवार को गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल में इजरायली सेना के हवाई हमलों में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 14 बच्चे शामिल थे। वाशिंगटन ने इस पर कहा कि इजरायल 'रेड लाइन' क्रॉस कर रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दोहराया कि गाजा में इजरायल का सैन्य अभियान "रेड लाइन" क्रॉस कर रहा है। मिलर ने कहा, "हमने इजरायल की सरकार को स्पष्ट कर दिया है कि वो नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करे।"

सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली वायु सेना द्वारा बुधवार रात किए गए हवाई हमलों में एक स्कूल को निशाना बनाया गया, जिसमें 14 बच्चों सहित कम से कम 40 लोग मारे गए। स्कूल में विस्थापित लोगों को रखा गया था। क्या हवाई बमबारी में अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल किया गया, इस सवाल पर मिलर ने कहा कि यह सवाल इजरायल सरकार से पूछा जाना बेहतर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि अमेरिका इजरायल को हथियार नहीं देगा, अगर वह उनका इस्तेमाल नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए करता है। जबकि इजरायली सेना ने कहा कि स्कूल का इस्तेमाल हमास और उसके इस्लामिक जिहाद आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर हमला करने के लिए किया जा रहा था।

इजरायली सेना के प्रवक्ता पीटर लर्नर ने कहा कि इजरायली हमले में स्कूल परिसर में 20 से 30 आतंकवादियों को निशाना बनाया गया।

# ओली के फिर बिगड़े बोल, राम जन्मभूमि नेपाल में होने का किया दावा



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। प्रधानमंत्री रहते हुए श्रीराम जन्मभूमि नेपाल में होने का दावा करने वाले ओली ने एक बार फिर यह विवादित बात कही है। चितवन में अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में ओली ने कहा कि राम का जन्म नेपाल के चितवन में रहे माडी में ही हुआ था। ओली यहीं नहीं रुके। उन्होंने तर्क दिया कि कई शास्त्रों में भगवान राम का जन्म चितवन के माडी में होने की बात का उल्लेख है। ओली ने कहा कि माडी में रहे अयोध्यापुरी में ही राम का जन्म हुआ था लेकिन नेपाल में कोई भी यह बात बोलने की हिम्मत नहीं करता है। ओली ने शिकायत की है कि ना तो नेपाल की सरकार और ना ही नेपाल की जनता इस बात को बोलती है। उन्होंने कहा कि नेपाल के पंडित भी इस बारे में नहीं बोलते हैं।

ओली ने पार्टी की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब वो प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने इस मुद्दे को उठाया तो लोगों ने उनका मजाक बनाया था। इसके बावजूद उन्होंने इस पर कभी भी अपना दावा नहीं छोड़ा। ओली का कहना है कि माडी के अयोध्यापुरी में उन्होंने श्रीराम मंदिर का निर्माण करवाया है और वहां पर राम, सीता और हनुमान जी की भव्य प्रतिमा स्थापित करवाई थी। ओली ने कहा कि भारत के अयोध्या में तो बाद में मंदिर बना और बाद में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई लेकिन उन्होंने उससे बहुत पहले ही अयोध्यापुरी में यह कार्य संपन्न करवाया था।

# पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा, बांग्लादेश के सांसद के शव को ढूंढना मुश्किल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी (अपराध जांच विभाग) के अधिकारियों ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के शव को ढूंढने में असमर्थता जाहिर की है। पुलिस ने कहा है कि उनके शव के टुकड़ों से भरे ट्रॉली बैग को ढूंढना लगभग असंभव प्रतीत होता है, क्योंकि उन्हें लापता हुए 22 दिन हो चुके हैं। एक अधिकारी ने कहा, बावजूद इसके हमारे अधिकारी खोज जारी रखेंगे। हम बांग्लादेश पुलिस के जांचकताओं से बात करने के बाद जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे। तमाम चुनौतियों के बावजूद जांचकताओं ने सांसद के शव के टुकड़ों की तलाश न्यू टाउन इलाके में और इसके आसपास जारी रखी। पुलिस न्यू टाउन के उस फ्लैट से प्राप्त उंगलियों के निशान का मिलान करने की योजना बना रही है, जहां बांग्लादेशी सांसद की कथित रूप से हत्या की गई थी।

लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तर कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। अपनी शिकायत में विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए अपने बारानगर आवास से निकले। उन्होंने कहा था कि वह रात के खाने के लिए (विश्वास के) घर वापस आएंगे। विश्वास ने दावा किया कि बांग्लादेश के सांसद से 17 मई से संपर्क नहीं हुआ था। इस वजह से उन्होंने इसके एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

# यूक्रेन का रूस की तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला

**कीव।** यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल रिफाइनरी और एक ईंधन डिपो पर हमला किया है। साथ ही यूक्रेन ने यह भी दावा किया कि उसने मंगलवार रात रूस द्वारा यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले 18 ड्रोन में से 17 को मार गिराया है। यूक्रेन रूस के हमलों को रोकने के लिए इन दिनों पश्चिमी देशों से समर्थन मांग रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इन दिनों फ्रांस में हैं। रोस्तोव के गवर्नर वासिली गोलूबेव ने कहा कि बुधवार रात भर हुए ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव क्षेत्र में नोवोशाख्तिंस्क रिफाइनरी पर हमला हुआ और आग लग गई। उन्होंने कहा कि हमले के कारण दमकलकर्मियों को थोड़ी देर के लिए बाहर निकलना पड़ा। केंद्र पर यूक्रेनी हमले से नुकसान का तत्काल आकलन नहीं हो सका है। कहा, इसमें किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यूक्रेन की सेना पूर्वी क्षेत्रों में हाल ही में रूसी आक्रमण को रोकने के लिए लड़ रही है। जेलेंस्की फ्रांस में गुरुवार को डी-डे स्मरणोत्सव में शामिल होने गए हैं। शुक्रवार को उनकी फ्रांसीसी अधिकारियों से मुलाकात होनी थी। जेलेंस्की की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के एक दिन बाद हुई है कि रूस अन्य देशों को लंबी दूरी के हथियार दे सकता है ताकि वे पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला कर सकें।